www.youtube.com/@TarunmitraGroup

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# तरुणमित्र

श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

पटना
वर्षः 24 अंक 29
शुक्रवार 23 मई, 2025

तापमान
अधिकतम 35°C
न्यूनतम 28°C

मूल्य 3 रुपए | पृष्ठ-08 | बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश एवं महाराष्ट्र से प्रकाशित | www.tarunmitra.in

# वक्फ संशोधन कानून पर फैसला सुरक्षित

## सरकार यह तय नहीं कर सकती कि कौन से मुद्दे उठाए जा सकते हैं : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली, 22 मई।** चीफ जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच ने वक्फ संशोधन कानून पर तीन दिनों की मैराथन सुनवाई के बाद गुरुवार को फैसला सुरक्षित रख लिया। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने वक्फ संशोधन कानून में वक्फ करने के लिए 5 साल प्रैक्टिसिंग मुस्लिम के प्रावधान पर दलील रखी।

कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर वकील कपिल सिब्बल ने आपत्ति जताई कि किसी भी हिंदू धर्मस्थान की बंदोबस्ती में एक भी व्यक्ति गैर हिंदू नहीं है। अगर आप अन्य धार्मिक समुदाय को विशेषाधिकार दे रहे हैं, तो यहां क्यों नहीं। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने वक्फ संशोधन कानून में वक्फ करने के लिए 5 साल प्रैक्टिसिंग मुस्लिम के प्रावधान पर दलील रखते हुए कहा कि मुस्लिम पर्सनल लॉ में शादी, तलाक, वसीयत आदि के लिए खुद को मुस्लिम साबित करना होता है। इस कानून में अंतर बस इतना है कि इसमें कम से कम पांच साल की समय सीमा तय की गई है। वक्फ करने के लिए 5 साल से इस्लाम प्रैक्टिस करने की शर्त रखी गई है। मेहता ने आदिवासी इलाकों में बढ़ते वक्फ सम्पत्तियों को लेकर कहा कि अगर कोई आम आदमी आदिवासी इलाके में जमीन खरीदना चाहता है तो ऐसा नहीं कर सकता है, क्योंकि राज्य का कानून इसकी इजाजत नहीं देता। लेकिन अगर वही व्यक्ति वक्फ करना चाहे तो वक्फ करने के बाद उसका संरक्षण करने वाला जो चाहे कर सकता है। यह व्यवस्था बहुत खतरनाक है जिसपर रोक लगाए जाने की जरूरत है।

**न्यायादेश**
- कोर्ट ने याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित रखा
- सिब्बल बोले- 200 साल पुराने कब्रिस्तान भी छिन जाएंगे
- सरकार अपनी गलती का फायदा नहीं उठा सकती



मेहता ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट अपने एक फैसले में कह चुका है कि संविधान के अनुच्छेद 12 के तहत वक्फ अपने आप में राज्य है। ऐसे में यह दलील नहीं दी जा सकती कि इसमें किसी एक सम्प्रदाय के लोग शामिल होंगे। वक्फ संशोधन कानून के समर्थन में राजस्थान सरकार की ओर से वरिष्ठ वकील राकेश द्विवेदी ने कहा कि वक्फ बाय यूजर इस्लाम का मुख्य अंग नहीं है। इससे पहले 21 मई को सुनवाई के दौरान तुषार मेहता ने कहा था कि वक्फ एक इस्लामिक अवधारणा है, इस पर कोई विवाद नहीं है, लेकिन वक्फ इस्लाम का अनिवार्य हिस्सा नहीं है। मेहता ने कहा था कि हमने वक्फ को लेकर 2023 में कुछ कमियों को नोटिस किया था। उसे दूर करने के लिए कानून लेकर आए। यहां कुछ याचिकाकर्ता आए हैं।

ये कुछ लोग मुस्लिम समुदाय के सभी लोगों का प्रतिनिधित्व नहीं कर सकते। मेहता ने कहा था कि ये कानून संयुक्त संसदीय कमेटी की ओर से व्यापक विचार-विमर्श कर पारित किया गया। इससे पहले 20 मई को सुनवाई के दौरान वकील कपिल सिब्बल ने कहा था कि वक्फ काउंसिल्स में गैर-मुस्लिमों को सदस्य बनाना धर्मनिरपेक्षता नहीं है। हमारी आपत्ति भी यही है कि किसी भी हिंदू धर्म स्थान की बंदोबस्ती में एक भी व्यक्ति गैर हिंदू नहीं है। अगर आप अन्य धार्मिक समुदाय को विशेषाधिकार दे रहे हैं तो यहां क्यों नहीं। सिब्बल ने कहा था कि अगर आप 14 राज्यों के वक्फ बोर्ड को देखें तो सभी सदस्य मनोनीत हैं, कोई चुनाव नहीं होता। जिस तरह शैक्षणिक संस्थानों को प्रबंधन का अधिकार है, उसी तरह धार्मिक संस्थानों को भी अपने मामलों का प्रबंधन करने का अधिकार है।

## सूबे में 6 लाख से अधिक दिव्यांगों को मिला यूडीआईडी कार्ड

**पटना, 22 मई।** बिहार में कुल 6 लाख 16 हजार 329 दिव्यांगजनों को अबतक यूनिक दिव्यांग पहचान-पत्र (यूडीआईडी) जारी किया गया है। शेष लंबित 1 लाख 1 हजार 334 नये आवेदनों को जल्द से जल्द निष्पादित करने के लिए विशेष पहल की जा रही है। समाज कल्याण विभाग की सचिव बंदना प्रेयषी ने आज 25 प्रतिशत लंबित मामलों का निष्पादन जून 2025 के अंत तक करने का निर्देश समीक्षा बैठक के दौरान दिया।

विभागीय बैठक के दौरान सचिव बंदना प्रेयषी ने दिव्यांगजनों के सर्वे एवं प्रमाणीकरण के लिए नियमित रूप से विशेष शिविरों के आयोजन का भी आदेश दिया ताकि सभी पात्र लाभार्थियों को इस पहचान-पत्र से आच्छादित किया जा सके।

समीक्षा के क्रम में उन्होंने मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण छत्र योजना 'सम्बल' के अंतर्गत वितरित किए जाने वाले बैट्री चालित ट्राईसाइकिल और अन्य सहायक उपकरणों को ससमय पात्र लाभुकों तक वितरित करने का निर्देश दिया। इस दौरान बैटरी चालित ट्राईसाइकिल के लिए कुल वार्षिक लक्ष्य 6,000 और सहायक उपकरण के लिए वार्षिक लक्ष्य 7,000 निर्धारित करने का निर्देश दिया गया। पिछले वर्ष कुल 24,981 ट्राईसाइकिल और 97,142 उपकरण लाभार्थियों को वितरित किए जा चुके हैं।

विभागीय सचिव ने पटना स्थित तीन आसरा गृहों की भी समीक्षा की और अधिकारियों को लाभार्थियों के परिवारों से संपर्क कर उन्हें पुनर्वासित करने के निर्देश दिए। साथ ही मूक-बधिर, नेत्रहीन और मानसिक दिव्यांग बच्चों के आवासीय और दिवाकालीन विद्यालयों (चमन) की संचालन स्थिति की भी गहन समीक्षा की।

बैठक में राष्ट्रीय छात्रवृत्ति योजना, एडीप योजना, दीनदयाल दिव्यांग पुनर्वास योजना (डीडीआरएस) एवं सीपीडीए योजना की भी समीक्षा की गई। वर्ष 2025-26 में 5,000 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति देने का लक्ष्य तय किया गया है। पिछले पांच वर्षों में 7,755 छात्र-छात्राएं इस योजना से लाभान्वित हो चुके हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### किश्तवाड़ मुठभेड़ में सेना का जवान बलिदान

**किश्तवाड़, 22 मई।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में गुरुवार को सुरक्षाबलों के साथ जारी मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए हैं। इस दौरान आतंकी गोलीबारी में घायल हुए सेना के जवान ने अस्पताल में दम तोड़ दिया है। मारे गए आतंकियों के शव फिलहाल बरामद नहीं किए जा सके हैं।सेना की 2 पैरा एसएफ, सेना की 11आरआर, 7वीं असम राइफल्स और एसओजी किश्तवाड़ के जवानों ने आज सुबह सिंहपोरा चटरू गांव के शारी और मंड्राल ढोक इलाके के बीच तलाशी अभियान शुरू किया। जैसे ही सुरक्षाबल संदिग्ध स्थल के पास पहुंचे तो मौके पर छिपे हुए आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। एक अधिकारी ने बताया कि मुठभेड़ में अब तक दो आतंकवादी मारे गए हैं।

### दिल्ली से ओडिशा गया व्यक्ति मिला कोरोना संक्रमित

**भुवनेश्वर, 22 मई।** ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में ढाई साल के बाद कोविड-19 का पहला मामला सामने आया है । दिल्ली से लोटने वाले एक व्यक्ति में कोरोना संक्रमण पाया गया है। कोरोना का नया मामला सामने आने के बाद राज्य के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने आम नागरिकों से नहीं घबराने की अपील की है। विभाग ने स्पष्ट किया कि संक्रमित मरीज की स्थिति स्थिर है और फिलहाल किसी भी तरह की घबराहट की आवश्यकता नहीं है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की आयुक्त एवं सचिव अश्वत्थी एस. ने गुरुवार को पत्रकारों को बताया कि फिलहाल हमारे पास कोई औपचारिक एडवाइजरी नहीं है । लेकिन हम स्थिति पर बारीकी से नजर रखे हुए हैं। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार वर्तमान में फैल रही वायरस की प्रभावशीलता कम है और लक्षण हल्के हैं, जिससे घबराने की कोई जरूरत नहीं है। स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह से नियंत्रण में है।

### मॉडल एकता को पाकिस्तानी नंबर से आया संदिग्ध संदेश, आईबी और एनआईए जांच में जुटीं

**जौनपुर, 22 मई।** मॉडल एकता तिवारी को पाकिस्तानी नंबर से वाट्सएप पर संदिग्ध संदेश मिला है। एकता ने पहलगाम में पर्यटकों पर हमला करने वाले दो आतंकियों की पहचान की थी। गुरवार को एकता ने बताया कि बुधवार सुबह 8:27 बजे मोबाइल पर 92-3419798165 नंबर से 'हाय' लिखा संदेश आया। एकता ने आधे घंटे बाद 'हैलो' लिखकर जवाब दिया। नंबर का कंट्री कोड देखते ही उन्होंने एनआईए को सूचित किया। 13 अप्रैल को एकता 20 लोगों के समूह के साथ श्रीनगर गई थीं। वहां उनकी मुलाकात दो आतंकियों से हुई थी, जो घोड़े वाले के रूप में मिले थे। आतंकी हमले के बाद जारी स्कैच से एकता ने इन दोनों की पहचान की थी। एनआईए ने एकता को एक अधिकारी का नंबर दिया है। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत देने को कहा था। एकता की ओर से भेजे गए स्क्रीनशॉट के आधार पर एनआईए जांच कर रही है।

स्थानीय पुलिस ने भी मामले की जानकारी ली है। आईबी और एनआईए पहले से ही एकता के संपर्क में हैं। दोनों एजेंसियों ने घटनाक्रम की जानकारी के साथ लोकेशन और संदिग्धों की फोटो मांगी थी।

## यूपी में तीन बहनों सहित चार बच्चियों की डूब कर मौत

**प्रतापगढ़, 22 मई।** जनपद के महेशगंज थाना क्षेत्र में गुरुवार को सुबह बौखलाही नदी से मिट्टी निकालने गई पांच बच्चियों में से चार बच्चियों की डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने बच्चियों के शव नदी से निकाले और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस घटना पर शोक व्यक्त किया और जिला प्रशासन को हरसंभव सहायता देने का निर्देश दिया।

महेशगंज थाना क्षेत्र के डिहवा जलालपुर की रहने वाली तीन सगी बहनें अपने पड़ोस की चचेरी बहन और एक अन्य बच्ची के साथ गुरुवार की सुबह करीब दस बजे बकुलाही नदी से चूल्हा व घर में लेपने के लिए मिट्टी निकालते के लिए गई थीं। नदी सेमिट्टी निकालते समय चार बच्चियां गहरे पानी में डूब गईं।

यह देखकर साथ एक बच्ची ने शोर मचाकर गांव वालों को सूचना दी। तब ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे और नदी में डूबी स्वाति (13), संध्या (11) और चांदनी (6) पुत्री जीतलाल और प्रियांशी (7) पुत्री पृथ्वीपाल को पानी में ढूंढ कर बाहर निकाला, लेकिन तब तक चारों की सांसें थम चुकी थीं। स्वाति, संध्या और चांदनी तीनों सगी बहनें हैं, जबकि एक चचेरी बहन है। घटना से परिवार में कोहराम मच गया है। सूचना पाकर तमाम पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंच गए।

## विस चुनाव : निर्वाचन पदाधिकारियों की राजनीतिक दलों के साथ बैठक

**कटिहार, 22 मई।** आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 की तैयारी के क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी- सह-जिलाधिकारी ने गुरुवार को सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यस्तरीय राजनीतिक दल के अध्यक्ष और सचिव के साथ बैठक की। इस बैठक में ईवएम/वीवी पैट का प्रथम स्तरीय जाँच (एफएलसी), मतदान प्रतिशत में वृद्धि लाने, मतदान केन्द्र स्तरीय अभिकर्ता (बीएलए) की नियुक्ति, मतदान केन्द्र का भौतिक सत्यापन एवं निर्वाचक सूची की तैयारी तथा लिंग अनुपात में वृद्धि आदि विषयों पर चर्चा की गई।

जिलाधिकारी ने बताया कि निर्वाचन विभाग पटना के निदेशानुसार आगामी बिहार विधान सभा आम निर्वाचन, 2025 के पूर्व गतिविधि एवं निर्वाचक सूची के अंतिम प्रकाशन उपरांत सतत अद्यतीकरण के क्रम में निर्वाचक सूची में नाम परिवर्धन, विलोपन, संशोधन एवं अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु आदि विषयो पर विचार विमर्श किया गया।



कटिहार जिला अन्तर्गत 18-19 आयुवर्ग का प्रोजेक्टेड जनसंख्या 1,90,645 है जबकि वर्तमान तक उक्त आयुवर्ग का मात्र 35,405 निर्वाचक ही पंजीकृत हो पाये है। जिलाधिकारी ने सभी राजनैतिक दलों से अनुरोध किया कि प्रोजेक्टेड जनसंख्या के अनुसार निर्वाचक सूची में पंजीकरण से वंचित योग्य युवाओं का नाम निर्वाचक सूची में पंजीकरण कराने हेतु अपने स्तर से भी क्षेत्र में निर्वाचकों को जागरूक करें। निर्वाचक सूची में पंजीकरण, संशोधन और विलोपन के लिये ऑनलाईन आवेदन अथवा वोटर हेल्पलाइन मोबाइल ऐप के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन दाखिल किया जा सकता है।

## राहुल ने दिल्ली विश्वविद्यालय में छात्रों से किया संवाद

**नई दिल्ली, 22 मई।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आज दिल्ली विश्वविद्यालय में छात्रों से संवाद किया। इस दौरान दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) के अध्यक्ष रोनक खत्री भी मौजूद रहे। दिल्ली कांग्रेस ने एक्स पोस्ट में लिख, राहुल गांधी ने डॉ. भीम राव आंबेडकर के विचार "शिक्षित बनो, संघर्ष करो, संगठित रहो को याद दिलाते हुए छात्रों को न्यायसंगत और समावेशी शैक्षणिक व्यवस्था के निर्माण की दिशा में प्रयास करने का आह्वान किया। छात्रों ने संवाद के दौरान जातीय भेदभाव, प्रशासनिक पदों पर वंचित वर्गों की कमी, बहुराष्ट्रीय कंपनियों में प्रतिनिधित्व की कमी सहित विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दे उनके संज्ञान में लाए।

डूसू अध्यक्ष रौनक खत्री ने एक्स पोस्ट में बताया कि आज दिल्ली विश्वविद्यालय में राहुल गांधी ने छात्रों के साथ संवाद किया। विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न कॉलेजों और विभागों के छात्रों ने भाग लिया।

## सड़क हादसे में मौत पर सीएम राहत कोष से दो लाख देने का निर्देश

**पटना, 22 मई।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दिल्ली के द्वारिका सेक्टर- 23 के पास वाहन दुर्घटना में बिहार में गया जिले के रहनेवाले 4 लोगों की मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दुर्घटना काफी दुखद है। मुख्यमंत्री ने मृतक के शोक संतप्त परिवार को मुख्यमंत्री राहत कोष से 2-2 लाख रुपए अनुग्रह अनुदान उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। साथ ही अन्य विभागों से भी मिलने वाली अनुमान्य सहायता राशि मृतक के आश्रितों को उपलब्ध करायी जायेगी। मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिवारों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

मुख्यमंत्री ने स्थानिक आयुक्त, नई दिल्ली को निर्देश दिया है कि दिल्ली सरकार से समन्वय स्थापित कर मृतकों के पार्थिव शरीर को उनके मूल निवास स्थान तक पहुंचाने की व्यवस्था करें। साथ ही इस दुर्घटना में घायल लोगों के समुचित इलाज कराने का भी निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की ईश्वर से कामना की है।

# आतंक की कीमत चुकानी होगीः मोदी

## प्रधानमंत्री ने 103 पुनर्विकसित अमृत रेलवे स्टेशनों का वर्चुअल माध्यम से किया उद्घाटन

**नई दिल्ली, 22 मई।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान के बीकानेर से गुरुवार को पड़ोसी देश पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए कड़े शब्दों में कहा कि अब उसका स्टेट और नॉन-स्टेट एक्टर का नाटक नहीं चलेगा।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान सीधे युद्ध में भारत से नहीं जीत सकता, इसलिए उसने आतंकवाद को लड़ाई का हथियार बनाया है, लेकिन अब आतंकियों और उन्हें समर्थन देने वाली सरकार में कोई फर्क नहीं किया जाएगा।

हर आतंकी हमले की कीमत पाकिस्तान की सेना और अर्थव्यवस्था को चुकानी होगी। उन्होंने कहा कि पड़ोसी देश से बातचीत और व्यापार बंद रहेगा और सिर्फ पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) ही एकमात्र मुद्दा होगा जिसपर कोई संवाद होगा। प्रधानमंत्री ने भारत के इस नए रूप को रौद्र रूप बताया और जनता की ओर से मिले मोदी-मोदी के नारों को सम्मान पूर्वक स्वीकार किया। उन्होंने कहा, मोदी का दिमाग ठंडा है, पर लहू गर्म है। मेरी नसों में लहू नहीं, गरम सिंदूर बहता है। उन्होंने आतंकवादियों को चेताते हुए कहा कि जो भारत के खून से खेलेंगे, वे मिट्टी में मिलाए जाएंगे। पहले घर में घुसकर मारा था, अब सीने पर प्रहार किया है। पाकिस्तान को आगाह करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, हर आतंकी हमले की भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। यह कीमत पाकिस्तान की सेना और अर्थव्यवस्था चुकाएगी। उसे पाई-पाई के लिए मोहताज होना होगा। भारत के हक का पानी नहीं मिलेगा। भारतीयों के खून से खेलना पाकिस्तान को महंगा पड़ेगा। इस दौरान भारत की आतंक को लेकर नई तीन सूत्री नीति का उन्होंने उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि अब आतंकी हमले पर करारा जवाब दिया जाएगा। समय और तरीका सेना तय करेगी और शर्तें भी हमारी होंगी। परमाणु बम की गीदड़ भभकियों से भारत नहीं डरेगा। हम आतंकियों और सरपरस्त सरकार को अलग-अलग नहीं देखेंगे। उन्हें एक ही मानेंगे। भारत अब सिर्फ प्रतिशोध नहीं, बल्कि न्याय करेगा। 23 अप्रैल के हमले क 22 मिनट में 9 आतंकी ठिकाने ध्वस्त करने की कार्रवाई इसका प्रमाण है। प्रधानमंत्री ने बीकानेर जिले में स्थित देशनोक रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में 103 पुनर्विकसित 'अमृत स्टेशनों' का उद्घाटन किया।

- राजस्थान को बिजली परियोजना समेत कई दीं सौगातें
- गति एवं गौरव के प्रतीक हैं अमृत स्टेशन : योगी
- कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने लखनऊ से वर्चुअल माध्यम से लिया हिस्सा



## कुख्यात शूटर शिव शर्मा को एटीएस कोर्ट ने नहीं दी जमानत

**रांची, 22 मई।** एंटी टेरिस्ट स्क्वॉड (एटीएस) की स्पेशल कोर्ट ने गुरुवार को कुख्यात शूटर शिव शर्मा उर्फ शिवेंद्र को जमानत देने से इंकार कर दिया है। उसने रांची में रातू रोड फ्लाइओवर बना रही कंपनी केसीसी बिल्डकॉन से रंगदारी मांगने के केस में जमानत मांगी थी। एटीएस ने सुखदेवनगर थाना में आरोपित के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को टेकओवर करते हुए कांड संख्या 3/2024 दर्ज की थी। शिव शर्मा की ओर से अधिवक्ता अमन कुमार राहुल ने बहस की।

प्राथमिकी के मुताबिक, शिव शर्मा ने रातू रोड फ्लाईओवर बना रही कंपनी केसीसी बिल्डकॉन के अधिकारी को जान मारने की नीयत से धमकी दी थी। सेटेलमेंट के रूप में उसने पांच प्रतिशत राशि की मांग की थी और राशि नहीं देने पर अंजाम भुगतने की चेतावनी दी थी। शिव शर्मा उर्फ शिवेंद्र पर हत्या और रंगदारी सहित अन्य कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं।

### सीमा पर वीर सैनिकों को तत्काल मुहैया होगी आपातकालीन चिकित्सा

## पोर्टेबल अस्पताल 'भीष्म' करेगा घायल सैनिकों की देखरेख

■ साशा सौवीर

**नई दिल्ली, 22 मई।** भारत - पाकिस्तान के बीच बीते दिनों आतंकवादियों के खिलाफ पाक की सैन्य सीमा में घुसकर किया गया 'आपरेशन सिन्दूर' पड़ोसी देश की हठधर्मिता के चलते युद्ध की परिस्थिति में बदल गया। इस दौरान पूरी दुनिया ने भारत की जल-थल-नभ सेना की अपूर्व शक्ति देखी। इसी के बीच भारत ने सीमा पर घायल जवानों और आम नागरिकों के लिए युद्ध जैसी परिस्थिति में इलाज की सबसे बड़ी चुनौती का हल भी निकाल लिया है जो युद्ध में घायल सैनिकों के समय पर इलाज में बेहद कारगर होगा।

दरअसल यह है पहियों पर चलता फिरता पोर्टेबल अस्पताल भीष्म। इसका पूरा नाम भारत हेल्थ इनीशियेटिव फॉर सहयोग है। भीष्म अस्पताल आपातकाल में मित्र राष्ट्रों और देशवासियों को भी तुरंत चिकित्सा सहायता प्रदान करेगा। यह पूर्णतः भारत में विकसित किया गया पोर्टेबल अस्पताल है, जो युद्ध, प्राकृतिक आपदाओं या किसी भी आपात स्थिति में तत्काल इलाज के लिए तैयार किया गया है।

भीष्म क्यूब को भारत सरकार की 'आरोग्य मैत्री' परियोजना के अंतर्गत विकसित किया गया है। इसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनवरी 2023 में वैश्विक दक्षिण सम्मेलन के दौरान किया था परन्तु अब इसे एआई सहित विभिन्न नये वैज्ञानिक संसाधनों से लैस किया गया है।

भीष्म की सेवा जरुरत पड़ने पर मित्र देशों को भी उपलब्ध होगी। यह चलता-फिरता अस्पताल कुल 36 बक्सों में पैक होता है, जिन्हें एक मास्टर क्यूब में संगठित किया गया है। इस मास्टर क्यूब का वजन लगभग 720 किलोग्राम होता है। इसे ड्रोन, पैराशूट या हेलिकॉप्टर की मदद से दूरस्थ और कठिन इलाकों तक आसानी से पहुँचाया जा सकता है।

**सुविधा**
- जरूरत पड़ने पर भारत के मित्र देशों को भी मिलेंगी भीष्म की सुविधा
- एआई सहित अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा भीष्म
- दुर्गम इलाकों और सर्दी, गर्मी, बारिश में काम करने में सक्षम

## दुनिया आतंकवाद से लड़ने को भारत के साथ आए

### सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल की रवानगी पर बोला विदेश मंत्रालय

**नई दिल्ली, 22 मई।** विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को साप्ताहिक ब्रीफिंग में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल की रवानगी समेत तमाम मुद्दों पर जानकारी दी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हम आतंकवाद से लड़ने के अपने संकल्प को दुनिया तक पहुंचा रहे हैं। हम चाहते हैं कि दुनिया आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों से लड़ने के लिए एक साथ आए।

उन्होंने कहा कि हम दुनिया से आग्रह करना चाहते हैं कि वे सीमा पार आतंकवाद के लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराएं। पाकिस्तान पिछले 40 वर्षों से भारत के खिलाफ आतंकवाद को अंजाम दे रहा है। उसके कार्यों को उजागर करने की आवश्यकता है। उसे भारत के खिलाफ किए गए आतंकी हमलों के लिए जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। इसलिए सात प्रतिनिधिमंडल बनाए गए हैं। तीन प्रतिनिधिमंडल रवाना हो चुके हैं। यह एक राजनीतिक मिशन है। चीन, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के विदेश मंत्रियों के बीच त्रिपक्षीय वार्ता पर उन्होंने कहा कि हमने कुछ रिपोर्ट देखी हैं। मुझे इसके अलावा और कुछ नहीं कहना है। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर की अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री के साथ बातचीत पर हमने जानकारी दी थी। विदेश मंत्री ने पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा करने के लिए अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री को धन्यवाद दिया।

# गुड़गांव व नोएडा की तरह दरभंगा में बनेगा टाउनशीप, हाउसिंग बोर्ड का होगा विकास : जीवेश कुमार

### मल्टीस्टोरेज भवन, स्कूल, अस्पताल, आवासीय परिसर संग कमर्शियल भवन का होगा निर्माण

**दरभंगा, 22 मई (तरुणमित्र)।** नगर विकास एवं आवास विभाग के अंतर्गत आनेवाली हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी को अब गुड़गांव और नोएडा मॉडल के तर्ज पर विकसित कर एक टाउनशीप बनाया जाएगा।

जिसके लिए दिल्ली व देश के अन्य शहरों से कई विभागों के इंजिनियर और अधिकारियों ने



गुरुवार को हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी का दौड़ा किया।

नगर विकास व आवास मंत्री जीवेश मिश्रा के साथ हाउसिंग कॉलोनी का निरीक्षण कई विभागों के इंजिनियर, अधिकारी और कर्मियों ने किया। इस दौरान उन्होंने सबसे पहले कॉलोनी की मुख्य सड़क से पश्चिम खराजपुर जानेवाली सड़क में जाकर जलजमाव वाले क्षेत्र को देखा। जिसके बाद मंत्री जीवेश ने अधिकारियों को जल निकासी के लिए प्लान बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि हाउसिंग कॉलोनी से कमला नदी तक जो बड़ी नाला बनायी गई है उसमें इसे जोड़े और जल जमाव की समस्या का समाधान करें। इसके बाद वे कॉलोनी के दक्षिणी छोड़ की तरफ गए और वहां खाली जगहों और पार्क वाली जगह को विकसित करने का निर्देश अधिकारियों को दिया। मंत्री जीवेश मिश्रा ने कहा कि हाउसिंग कॉलोनी के खाली भूखंडों को विकसित कर यहां मल्टीस्टोरेज भवन, स्कूल, अस्पताल, आवासीय परिसर, कमर्शियल भवन व अन्य भवन बनाकर इसे विकसित किया जाएगा। जिसके लिए पहले फेज में तीन जगहों को चिन्हित किया जा रहा है। जब ये जगह विकसित हो जायेंगे उसके बाद अन्य जगहों को भी विकसित किया जाएगा।

**हाउसिंग कॉलोनी को नगर निगम में लेने की करें प्रक्रिया**

मंत्री के निरीक्षण के दौरान कुछ स्थानीय लोगों ने उन्हें बताया कि यहां न तो चलने लायक सड़क है न कोई अन्य सुविधा। जब कभी पार्षद के पास किसी काम से जाते है तो वे यह कह कर टाल देता है कि यह क्षेत्र नगर निगम में नहीं है इसलिए कोई विकास कार्य नहीं कर सकते है। मंत्री ने अपने साथ चल रहे नगर आयुक्त राकेश गुप्ता को निर्देश दिया कि इस पूरे क्षेत्र को नगर निगम के अधीन लेने की प्रक्रिया शुरू करें।

# राजस्व कर्मचारियों ने समाहरणालय पर किया प्रदर्शन

**दरभंगा, 22 मई (तरुणमित्र)।** बिहार राज्य भूमि सुधार कर्मचारी संघ के संयुक्त संघर्ष मोर्चा की जिला शाखा द्वारा 7 मई से चल रहे अनिश्चितकालीन सामूहिक अवकाश के 16वें दिन समाहरणालय पर अपनी मांगों के समर्थन में प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन धरना स्थल पोलो फील्ड लहेरियासराय से निकल आयुक्त कार्यालय, आईजी कार्यालय, व्यवहार न्यायालय, लहेरियासराय टावर का भ्रमण कर समाहरणालय के मुख्य द्वार पर पहुंचा।

जहां जिला संघ के उपाध्यक्ष खुशबू कुमारी की अध्यक्षता में प्रदर्शन और सभा किया गया। जिसे संबोधित करते हुए बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के जिला मंत्री फूल कुमार झा ने कहा कि राजस्व कर्मचारी वाजिब मांगों की प्राप्ति के लिए विगत 16 दिन से अनिश्चितकालीन सामूहिक




अवकाश पर हैं। परंतु राज्य सरकार हमारी मांगों की पूर्ति नहीं कर कर्मियों पर करवाई कर रही है जो लोकतांत्रिक अधिकारों पर हमला है।

राजस्व कर्मचारी अल्प वेतन भोगी है परंतु उन्हें पदाधिकारी के भांति अपने गृह जिला से 200 से 300 किलोमीटर की दूरी पर पदस्थापित कर दिया गया है। जिस कारण हम लोग अपने परिवार के मांगलिक कार्य से लेकर पर्व त्यौहार में अपने घर नहीं जा पाते है। घर से दूर रहने के कारण भू माफिया द्वारा हम लोगों पर अनावश्यक दवाब दिया जाता है। इसलिए हम लोगों को अपने गृह जिला में पदस्थापन किया जाए। हमें निम्न स्तर का ग्रेड पे दिया जा रहा है हमारी योग्यता का उत्क्रमण कर 2800 का ग्रेड पे दिया जाए। हमें सुरक्षा प्रदान की जाए, सेवा संतुष्टि किया जाए एवं दमन की कार्रवाई पर रोक लगाई जाए।

बिहार राज्य भूमि सुधार कर्मचारी संघ के प्रमंडलीय मंत्री भोला यादव ने सरकार के दंडात्मक कार्रवाई का विरोध करते हुए कहा कि हम अपनी मांगों के लिए सभी पुराने एवं नए साथी मिलकर संघर्ष तेज करेंगे। आवश्यकता पड़ने पर पटना सचिवालय का घेराव भी करेंगे। सभा को कर्मचारी महासंघ के उपाध्यक्ष बेचन राय, नीतीश कुमार, संजीव कुमार, मुकेश कुमार, प्रशांत कुमार, राज सानिया, कुंदन कुमार, सिंधु कुमारी, संतोष कुमार, मनमोहन वर्मा आदि वक्ताओं ने भी संबोधित किया।

# आईआरसीटीसी 33 प्रतिशत छूट पर करायेगा ज्योतिर्लिंग का दर्शन

**दरभंगा, 22 मई (तरुणमित्र)।** भारतीय रेलवे की शाखा इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन लिमिटेड की ओर से देखो अपना देश कार्यक्रम के तहत भारत गौरव ट्रेन की शुरूआत की जा रही है। भारत गौरव ट्रेन योजना के तहत पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए लगभग 33% छूट पर यात्रा की सुविधा दी जा रही है। यह पर्यटक ट्रेन 31 मई को धनबाद से खुलेगी जो की हजारीबाग रोड, कोडरमा, गया, राजगीर, बिहारशरीफ, बख्तियारपुर, पटना, आरा, बक्सर, दिलदारनगर और पंडित दीनदायल उपाध्याय स्टेशन पर तीर्थ यात्रियो को ट्रेन मे सवार होने के लिए रुकेगी।

उसके बाद सभी तीर्थयात्रियों को उज्जैन (महाकालेश्वर ज्योतिलिंग एवं ओंकारेश्वर ज्योतिलिंग), द्वारका (नागेश्वर ज्योतिलिंग एवं द्वारिकाधीश मंदिर), सोमनाथ (सोमनाथ ज्योतिलिंग), शिर्डी (साई बाबा दर्शन ) एवं नासिक (त्र्यम्बकेश्वर ज्योतिलिंग), पुणे (भीमाशंकर ज्योतिलिंग),




औरंगाबाद (घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिङ्ग) का दर्शन कराते हुए 12 जून को वापस लौटेगी। जिसके लिए स्लीपर क्लास के यात्रियों को 23575 रुपए प्रति व्यक्ति और 3 एसी क्लास से यात्रा करने वाले को 39990 प्रति व्यक्ति देना होगा।

यह जानकारी देते हुए आईआरसीटीसी के क्षेत्रीय प्रबंधक राजेश कुमार ने बताया कि टिकट श्रेणी के अनुसार वातानुकूलित और गैर वातानुकूलित होटल में यात्रियों के लिए रात्री विश्राम की व्यवस्था और शाकाहारी भोजन एवं सुबह-शाम चाय के साथ ही प्रत्येक दिन 1 बोतल पानी दी जाएगी। यात्रियों को घूमने के लिए वातानुकूलित और गैर वातानुकूलित बस की व्यवस्था भी रहेगी।यात्रा सम्बन्धी विस्तृत जानकारी एवं बुकिंग के लिए आईआरसीटीसी, बिस्कोमान टावर (चौथा तल्ला), पश्चिमी गांधी मैदान पटना- 800001 या दूरभाष संख्या 8595937731, 8595937732 से ली जा सकती है। साथ ही आईआरसीटीसी के वेबसाइट www.irctctourism.com पर जाकर बुकिंग कर सकते है।

## सफल छात्र-छात्राओं के बीच विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित

**रोसड़ा/ विभूतिपुर (समस्तीपुर), 22 मई (तरुणमित्र)।** तरूणमित्र ।प्रखंड क्षेत्र के नरहन हाई स्कूल के मैदान में शहीद देवेंद्र फिजिकल एकेडमी द्वारा बिहार पुलिस की परीक्षा में अंतिम रूप से चयनित छात्र-छात्राओं के बीच विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शहीद देवेंद्र फिजिकल एकेडमी के संचालक प्रद्युम्न कुमार ने किया। वहीं संचालन शिक्षक एचएन सिंह ने किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थानाध्यक्ष आनंद कश्यप ने सफल छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि कड़ी मेहनत, अनुशासन और सही मार्गदर्शन के कारण ही वे इस मुकाम तक पहुंच पाए हैं,सभी चयनित युवा व युवतियों की सफलता इस बात का प्रमाण है कि दृढ़ संकल्प और मेहनत से कोई भी सपना साकार किया जा सकता हैं। साथ ही उन्होंने चयनित अभ्यर्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और उनके कठिन परिश्रम की सराहना की ।वही कार्यक्रम में करीब एक दर्जन से अधिक छात्र-छात्राओं को मेडल व शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

# ट्रैक्टर की चपेट में आ जाने से एक वृद्ध महिला की मौत



**कुरसेला, कटिहार, 22 मई (तरुणमित्र)।** कुरसेला थाना क्षेत्र के कोल्ड स्टोरेज के समीप गुरुवार की दोपहर मक्का लदे ट्रैक्टर की चपेट में आने से 72 वर्षीय वृद्धा की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतका की पहचान बेचनी देवी , पति चमरू मंडल घर कुरसेला बस्ती के रूप में हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार उक्त मृतक वृद्धा आते-जाते हुए मक्के के ट्रैक्टर से गिरे हुए मकई के दानों को इकठ्ठा कर ले जाया करती थी। गुरुवार को ट्रैक्टर के नीचे से मकई चुनने के दौरान चालक के द्वारा ट्रैक्टर दुर्भाग्यवश पीछे करने के क्रम में चपेट में आ जाने से घटनास्थल पर ही वृद्धा की मौत हो गई।

आसपास के लोगों के द्वारा घटना की सूचना कुरसेला पुलिस को दी गई। जिसके बाद कुरसेला पुलिस ने उक्त स्थल पर पहुंचकर मकई लदे ट्रैक्टर को जप्त करते हुए वृद्धा को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहां पर जांचोपरांत डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। वही घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दी गई। मौत की खबर सुनते ही परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा विधायक मिश्रीलाल गिरफ्तार

**दरभंगा, 22 मई (तरुणमित्र)।** मारपीट के एक पुराने मामले में एडीजे 3 की अदालत ने अलीनगर से भाजपा विधायक मिश्रीलाल यादव को दो दिन के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। एमपी - एमएलए कोर्ट के एडीजे -3 एस के दिवाकर ने विधायक मिश्रीलाल के खिलाफ चल रहे एक पुराने मामले की सुनवाई करते हुए उन्हें जेल भेजने का आदेश सुनाया। सूत्रों के मुताबिक केवटी थाना में विधायक के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज है जिसमें उन्हें सजा हुई थी। वे इस मामले को लेकर अपील में गए थे। जिसके बाद न्यायालय ने उन्हें हिरासत में भेज दिया।

### तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन

**सालमारी, कटिहार, 22 मई (तरुणमित्र)।** राजकीयकृत उच्च माध्यमिक विद्यालय सालमारी में सीआरसी स्तरीय छात्र छात्राओं के बीच मशाल 2024 के तहत तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ गुरूवार को मुखिया काजमी खातुन, प्रधानाध्यापक



सह संकूल संचालक शरीफ रेजा के द्वारा किया गया। इस अवसर पर मध्य विद्यालय सालमारी के प्रधानाध्यापक मुजफ्फर राही, संकूल समन्वयक सोहेल अख्तर सहित शिक्षक छात्र छात्रा उपस्थित थे। उन्होंने बताया की संकूल स्तरीय इस प्रतियोगिता के छात्रों को प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। इसी तरह जिला एवं राज्य स्तरीय खेल प्रतिभागियों का चयन होगा। लम्बी कुद, ऊची कुद, दौर, कबड्डी, खो-खो खेलों सहित एक दर्जन से अधिक छात्र छात्राओं का प्रखंड स्तर के प्रतियोगिता के लिए चयन करना है। मशाल खेल प्रतियोगिता में सभी छात्रों ने अनुसासन का परिचय देते हुए अच्छी खेल भावना दिखाया। ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों में प्रतिभा की कमी नहीं है। मौका मिलेगा तो प्रखंड एवं जिला स्तरीय मशाल प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करेगा। प्रतियोगिता का सफल आयोजन में विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाओं का सराहनीय सहयोग रहा। वही इस अवसर पर कई अभिभावक भी मौजूद थे।

### डीएम मनेश कुमार मीणा ने किया महानंदा नदी पर बांध का निरिक्षण, दिए आवश्यक दिशानिर्देश

**कटिहार, 22 मई (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा के द्वारा बाबलाबन्ना के अंतर्गत गंगा नदी और बेलगाची के अंतर्गत महानंदा नदी पर बांध का निरीक्षण किया गया। उक्त निरीक्षक के दौरान बांध की सुरक्षा से संबंधित चल रहे काम का जायजा



लिया गया और कार्यपालक अभियंता बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल कटिहार को निर्देश दिया गया कि तटबंध की सुरक्षा हेतु काम को 31 मई तक हर हाल में पूरा कर लिया जाना चाहिए। बाढ़ से निपटने हेतु सभी प्रकार की सामग्री यथा बालू का बोरा तटबंध पर जमा करना एवं अन्य सभी संवेदनशील जगहों पर तटबंध सुरक्षा संबंधी सामग्री इत्यादियों का भंडारण समय सीमा के अंतर्गत उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने का भी आदेश दिया गया। साथ ही साथ संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी को निदेशित किया गया कि समय-समय पर भौतिक निरीक्षण करते हुए काम का जायजा लेना सुनिश्चित करेंगे एवं आश्वस्त करेंगे कि हर हाल में 31मई तक बांध के सुरक्षा एवं रेनकट का काम संपन्न हो जाना चाहिए। इसके अलावा अंचलाधिकारी को आदेश दिया गया कि तटबंध पर अतिक्रमण हटाने एवं नाव से संबंधित सभी प्रकार के आवश्यक सुविधाएँ यथा नाव मरम्मती इत्यादि एक सप्ताह के अंदर में पूर्ण करना सुनिश्चित करेंगे। वही इस निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी के साथ-साथ अनुमंडल पदाधिकारी मनिहारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, अमदाबाद कार्यपालक अभियंता बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल एवं अन्य संबंधित पदाधिकारीगण मौजूद थे।

### शेरशाह महोत्सव पर उठे सवाल, जिला प्रशासन और समाजसेवी आमने-सामने

**सासाराम, 22 मई (तरुणमित्र)।** जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विगत कई वर्षों से पर्यटन विभाग एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित होने वाले शेरशाह महोत्सव को लेकर एक नया विवाद खड़ा हो गया है। एक तरफ जहां सूबे के पर्यटन मंत्री राजू कुमार सिंह ने शेरशाह महोत्सव में निर्धारित समय से 2 घंटे विलंब से आकर महोत्सव का आगाज किया, वहीं दूसरी ओर जिले के चर्चित समाजसेवी तोराब नियाजी ने शेरशाह महोत्सव पर खर्च हो रहे करोड़ों रुपए की राशि को फिजूल खर्ची बताते हुए बंदरबांट करने का आरोप लगाया है।

**शेरशाह मकबरे पर छाए अंधियारे से गहराया विवाद**-दरअसल शहर के फजलगंज स्थित न्यू स्टेडियम में बुधवार को दो दिवसीय शेरशाह महोत्सव का शानदार आगाज हुआ। कार्यक्रम स्थल पर तोरण द्वार से लेकर मंच तक बेहतर रंग बिरंगी लाइटिंग की व्यवस्था दिखी तथा महोत्सव में देश के कई नामचीन कलाकारों ने भी अपनी प्रस्तुतियां दी। लेकिन जब जिले के चर्चित समाज सेवी तोराब नियाजी ने कार्यक्रम स्थल से महज 500 मीटर दूर शेरशाह मकबरे पर छाए अंधियारे को लेकर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट डाला तो विवाद शुरू हो गया। उन्होंने फेसबुक लाइव आकर कहा कि जिनके महोत्सव पर आज करोड़ों रुपए खर्च हो रहे हैं उसकी स्थिति यह है कि शेरशाह मकबरा हीं घोर अंधियारे में डूबा हुआ है। महोत्सव पर करोड़ों रुपए नाच गाने एवं लाइटिंग पर खर्च हो रहे हैं, लेकिन जिनके नाम पर जिले की पहचान एवं महोत्सव हो रहा है, उनके मकबरे पर अंधियारा छाया हुआ है। साथ हीं उन्होंने महोत्सव पर खर्च होने वाली राशि को कॉलेज, अस्पताल आदि पर खर्च करने की अपील की और कहा कि सरकारी राशि को नाच गाने पर खर्च करने की बजाय जिले के ऐतिहासिक धरोहरों एवं धार्मिक स्थलों के विकास पर खर्च करना चाहिए।

**आरोपों का प्रशासन ने किया खंडन**-वहीं समाजसेवी के आरोपों का जिला प्रशासन ने पूरी तरह खंडन किया है। पर्यटन विभाग के वरीय उपसमाहर्ता विनय प्रताप ने कहा कि शेरशाह मकबरे को लेकर कुछ भ्रामक खबरें चलाई गई है, जिसका जिला प्रशासन खंडन करता है। जिला प्रशासन की ओर से मकबरे पर सुंदर लाइटिंग की व्यवस्था की गई है। दरअसल बिजली कटने एवं जनरेटर चालू होने के अंतराल में एक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट किया गया है, जो पूरी तरह भ्रामक है।

# एक भी बच्चा वैक्सीनेशन के बिना छूटे ना : चिकित्सा पदाधिकारी अमरलाल



**कुरसेला, कटिहार, 22 मई (तरुणमित्र)।** कुसेर्ला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में गुरुवारको चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर अमरलाल के अध्यक्षता में आर आई वैक्सीनेशन को लेकर रिव्यू मीटिंग क्षेत्रीय एनम के साथ बैठक आयोजित किया गया। बैठक के बारे मे जानकारी देते हुए चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर अमरलाल ने बताया कि मीटिंग का मुख्य उद्देश्य था कि भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे सभी कार्यक्रमों को लोगों तक पहुंचाना मुख्य उद्देश्य है। जिसमें बच्चों को आर आई को लेकर सभी एनम को दिशा निर्देश दिया गया है अपने-अपने केंद्रो पर बच्चों को समय-समय पर नियमित टीकाकरण करें। एक भी बच्चा नहीं छूटना चाहिए।

इसके साथ क्षेत्र में लोगों को जागरूक करने के लिए सभी माइक्रो प्लान तैयार किया गया। जिसको लेकर दिशा निर्देश दिया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से जिला से एसएमओ डॉ सुभान अली, प्रबंधक मुकेश कुमार सिंह, मॉनिटर संजय पोद्दार, संजय जयसवाल, सभी एएनम आदि मौजूद थे।

## एक व्यक्ति की नदी में डूबने की आशंका, लापता लखन बेसरा का कोई सुराग नहीं

**कोलासी, कटिहार, 22 मई (तरुणमित्र)।** कोढ़ा अंचल के कोलासी संथाली टोला निवासी लखन बेसरा (उम्र 51 वर्ष) बुधवार की शाम से लापता हैं। परिजनों के अनुसार, वे कोलासी पुल के समीप नदी में स्नान करने गए थे, लेकिन देर रात तक घर नहीं लौटे। परिजनों ने पहले आसपास के ग्रामीणों से पूछताछ की और फिर जब कोई जानकारी नहीं मिली, तो गुरुवार सुबह कोलासी प्रशासन को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही कोलासी पुलिस हरकत में आ गई। कोलासी पुलिस शिविर प्रभारी मुकेश कुमार,अंचल पदाधिकारी अंशु कुमार और राजस्व कर्मचारी संजय सिंह घटनास्थल पर पहुंचे। मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण भी इकट्ठा हो गए। घटनास्थल पर लखन बेसरा के कपड़े नदी किनारे मिले हैं, जिससे नदी में डूबने की आशंका गहराई है। स्थानीय गोताखोरों की मदद से नदी में खोजबीन की जा रही है, लेकिन खबर लिखे जाने तक लखन बेसरा का कोई सुराग नहीं मिला है।

# रेलवे अधिकारी क्लब में आर्ट ऑफ लिविंग कार्यशाला का डीआरएम ने किया उद्घाटन

**कटिहार, 22 मई (तरुणमित्र)।** कोसी रेलवे अधिकारी क्लब में बुधवार को कटिहार रेल मंडल में कार्यरत कर्मचारियों के लिए तीन दिवसीय आर्ट ऑफ लिविंग कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन वो शुभारंभ मंडल रेल प्रबंधक सुरेंद्र कुमार, रेलवे महिला समिति अध्यक्षा मैडम डीआरएम, एडीआरएम मनोज कुमार सिंह, प्रबंध मंडल कार्मिक अधिकारी अंजनी प्रसाद श्रीवास्तव द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

आयोजित कार्यक्रम में मंडल के सभी विभाग के कर्मचारियों ने बहुत ही उत्साह के साथ भाग लिया। इस तीन दिवसीय कार्यशाला का संचालन करने के लिए पंडित श्री श्री रविशंकर जी के द्वारा राज्य के राजकीय संयोजक श्री शिवेश जी को नामित किया गया। इस तीन दिवसीय कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य आज के



इस परिवेश में कर्मचारियों को अपने जीवन और कार्यशाली में ध्यान और योग के माध्यम से शारीरिक और मानसिक सुधार करना है तथा आत्म जागरूकता एवं व्यक्तिगत विकास को बढ़ावा देना है। वास्तव में यह कार्यक्रम लोगों के को जीवन में जीने की कला सिखाता है। जिससे वे अपने जीवन में सुख शांति और संतुष्टि प्राप्त कर सके। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सीनियर डीपीओ अंजनी प्रसाद श्रीवास्तव एवं कल्याण विभाग के कर्मचारियों की भूमिका सराहनीय रही। जिनके अथक प्रयास से यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक किया गया।

कार्यक्रम में मंच संचालन का कार्य चीफ वेलफेयर इंस्पेक्टर उमाशंकर ने किया। मौके पर सभी रेल अधिकारीयो के साथ महिला कल्याण संगठन, मान्यता प्राप्त यूनियन के सभी पदाधिकारी व प्रतिनिधि के साथ सैकड़ो की संख्या में रेलकर्मी आदि मौजूद थे।

# राजनीतिक दलों के अध्यक्ष एवं सचिव के साथ जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी के साथ बैठक संपन्न

**कटिहार, 22 मई (तरुणमित्र)।** कटिहार एनआईसी के सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी कटिहार की अध्यक्षता में आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन की तैयारी के क्रम में ई०वी०एम० एवं वी०वी० पैट का प्रथम स्तरीय जाँच, मतदान प्रतिशत में वृद्धि लाने, मतदान केन्द्र स्तरीय अभिकर्ता की नियुक्ति, मतदान केन्द्र का भौतिक सत्यापन एवं निर्वाचक सूची की तैयारी तथा लिंग अनुपात में वृद्धि आदि विषयों पर सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के जिलाध्यक्ष एवं सचिव तथा सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, अवर निर्वाचन पदाधिकारी के साथ बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में जिला पदाधिकारी द्वारा बताया गया



कि निर्वाचन विभाग, बिहार पटना के निदेश में आगामी बिहार विधान सभा आम निर्वाचन के पूर्व गतिविधि एवं निर्वाचक सूची के अंतिम प्रकाशन उपरान्त सतत अद्यतीकरण के क्रम में निर्वाचक सूची में नाम परिवर्धन, विलोपन, संशोधन एवं अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु तथा मतदान केन्द्र स्तरीय अभिकर्ता की नियुक्ति आदि विषयो पर विचार विमर्श किया गया। साथ ही सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के जिला अध्यक्ष, सचिव से अनुरोध किया गया है कि आगमी बिहार विधान सभा आम निर्वाचन के अवसर पर विधान सभावार मतदान केन्द्रवार बी०एल०ए० की नियुक्ति, संशोधन आदि का प्रस्ताव संबंधित निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को यथाशीघ्र उपलब्ध कराया जाय ताकि ससमय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार पटना के पोर्टल पर अद्यतन किया जा सकें। इसके अलावा कटिहार जिला अन्तर्गत 18 से 19 आयुवर्ग का प्रोजेक्टेड जनसंख्या 1,90,645 है जबकि वर्तमान तक उक्त आयुवर्ग का मात्र 35405 निर्वाचक ही पंजीकृत हो पाये है।

सभी राजनैतिक दलो से अनुरोध किया गया कि प्रोजेक्टेड जनसंख्या के अनुसार निर्वाचक सूची में पंजीकरण से वंचित योग्य युवाओं का नाम निर्वाचक सूची में पंजीकरण कराने के लिए अपने स्तर से भी क्षेत्र में निर्वाचकों को जागरूक करेंगे। वहीं निर्वाचक सूची में पंजीकरण, संशोधन, विलोपन के लिये ऑनलाईन आवेदन ल्ल५२स्र.ल्ल/वोटर हेल्पलाइन ?प के माध्यन से कर सकते हैं। वहीं उप निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि वर्तमान में निर्वाचक सूची में पंजीकरण के लिए अर्हता तिथि 01 जनवरी के अतिरिक्त 01 अप्रैल, 01 जुलाई और 01 अक्टूबर 2025 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाला कोई भी ब्यक्ति निर्वाचक सूची में पंजीकरण कराने के लिए प्रपत्र- 6 में आवेदन कर सकता है ।साथ ही निर्वाचक सूची में सुधार भी इस दौरान किया जा सकता है।

निर्वाचक सूची में पंजीकृत निर्वाचकों के फोटो या अन्य प्रविष्टियां में सुधार, पता बदलने, मोबाइल नंबर अद्यतन करने, पी डब्लू डी मार्क कराने अथवा नया पहचान पत्र प्राप्त करने हेतु प्रपत्र- 8 भरा जा सकता है। एक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से दूसरे विधानसभा क्षेत्र में स्थानांतरण हेतु भी प्रपत्र- 8 का उपयोग किया जा सकता है। किसी निर्वाचक का नाम सूची से विलोपित कराने एवं आक्षेप करने के लिए प्रपत्र-7 में आवेदन किया जा सकता है ।वहीं बताया गया कि निर्वाचक सूची में आवेदन हेतु ऑनलाइन एवं ऑफलाइन विकल्प दोनों उपलब्ध है ।जो ँ३३स्र२:// ५ङ्म३ी१२ॅं.ङ्म५.ल्ल अथवा वोटर हेल्पलाइन मोबाइल ऐप के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन दाखिल किया जा सकता है।

वहीं जिला पदाधिकारी के द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम जुड़े सभीसभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को आदेश दिया गया कि सभी बी.एल.ओ. से आपस में समन्वय स्थापित करके इलेक्ट्रॉन रोल का प्रत्येक दिन मॉनीटरिंग करना का सुनिश्चित करेंगे। उक्त बैठक में सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के जिलाध्यक्ष, सचिव तथा उप निर्वाचन पदाधिकारी,अवर निर्वाचन पदाधिकारी के साथ-साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग से सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी जुड़े रहे।

# भूमि विवाद को ले गोलीबारी मामले में हथियार व कारतूस के साथ 8 गिरफ्तार

**नवादा, 22 मई (तरूणमित्र)।** भूमि विवाद में गोलीबारी व पथराव के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गुरुवार को 8 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार लोगों के पास से 4 रायफल, एक रिवॉल्वर व 109 राउंड कारतूस भी जब्त किया गया है।

एसपी अभिनव धीमान ने इस बाबत पत्रकारों से बातचीत में बताया कि नवादा जिला अंतर्गत नारदीगंज थाना क्षेत्र के पंडपा गांव में विवाद के दौरान जमकर पथराव और गोलीबारी हुई। हालांकि, गोलीबारी में कोई हताहत नहीं हुआ। जबकि, पथराव में कई लोग घायल हुए। एसपी धीमान ने कहा कि सूचना बाद पहुंची पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 8 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों के पास से चार राइफल, एक रिवाल्वर सहित राइफल का 94 व रिवाल्वर का 15



कारतूस बरामद किया गया है। घटना के पीछे भूमि विवाद बताया गया है।

मौके से पुलिस ने तीन वाहन जिसमें एक फार्च्यूनर, एक थार जीप के अलावा टाटा पंच को जब्त किया है। थानाध्यक्ष प्रभा कुमारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों में आरा जिले का एक, नालंदा जिले का एक, डुमरांव के दो, पालीगंज के दो, शेखपुरा के एक तथा नौबतपुर के एक व्यक्ति शामिल हैं। इस घटना में दोनों पक्षों के बीच हुई रोड़ेबाजी में दो लोग जख्मी हुए हैं।

एक पक्ष के पंडपा निवासी अर्जुन रविदास व दूसरे पक्ष के पटना जिले के बाढ़ थाना के नदवां गांव निवासी अरविन्द सिंह बताए जा रहे हैं। दोनों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद नारदीगंज में भर्ती कराया गया है, जहां कार्यरत चिकित्सक ने प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए दोनों को नवादा सदर अस्पताल भेज दिया है। उल्लेखनीय है कि घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष प्रभा कुमारी व अन्य पदाधिकारी पुलिस बलों के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया था। बाद में एसडीओ अखिलेश कुमार, सदर एसडीपीओ हुलास कुमार, हिसुआ इंस्पेक्टर रंजन कुमार के अलावा सीओ रईस आलम सहित अन्य अधिकारी पहुंचे और मामले की जांच पड़ताल की।

## आरपीएफ ने शराब कारोबारी को गिरफ्तार कर उत्पाद विभाग को सौंपा

**सहरसा, 22 मई (तरूणमित्र)।** आरपीएफ एवं उत्पाद विभाग की टीम ने सहरसा जंक्शन पर गुरुवार को 6 बोतल विदेशी शराब के साथ एक कारोबारी तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपित 26 वर्षीय विकास कुमार गोछारी जिला खगड़िया निवासी है। आरपीएफ ने आगे की कार्रवाई के लिए बरामद शराब की बोतल और आरोपी को एक्साइज विभाग के सुपुर्द कर दिया। जानकारी अनुसार गुरुवार को आरपीएफ इंस्पेक्टर धनंजय कुमार यादव, सब इंस्पेक्टर सुजीत कुमार मिश्रा के अलावा उत्पाद विभाग के निरीक्षक संजीत कुमार प्लेटफॉर्म नंबर दो और तीन पर गश्ती कर रहे थे तभी उनकी नजर प्लेटफार्म पर नए ओवर ब्रिज के दक्षिण दिशा पर एक संदिग्ध व्यक्ति पर गई। आरपीएफ द्वारा पूछने पर उस व्यक्ति ने बताया कि वह जानकी ट्रेन से उतरकर किसी का इंतजार कर रहा है।

# बिहार के वाल्मीकि टाइगर रिजर्व में चार वर्षीय बाघिन का मिला शव

**पटना, 22 मई (तरूणमित्र)।** बिहार के पश्चिम चंपारण जिले में स्थित वाल्मीकि टाइगर रिजर्व (वीटीआर) में गुरुवार यानी 22 मई को वन प्रमंडल-2 के हरनाटाड़, कक्ष संख्या एन-3 में एक चार वर्षीय बाघिन का शव मिला है।

सुबह गश्त पर निकले वनकर्मियों ने शव देखा। शरीर पर कई जगह गहरे जख्म पाए गए। वन संरक्षक सह क्षेत्र निदेशक डॉ. नेशामणि ने बताया कि प्रथम दृष्टया बाघिन की मौत किसी अन्य बाघ के साथ क्षेत्रीय वर्चस्व की भिड़ंत में होने की आशंका है। उन्होंने कहा कि भिड़ंत में शामिल दूसरा बाघ भी घायल हो सकता है, जिसकी तलाश और निगरानी के लिए वनकर्मियों की टीम तैनात की गई है। गंभीर जख्म होने पर दूसरे बाघ की भी मौत का खतरा बना हुआ है। वीटीआर के अधिकारियों ने शिकार की संभावना को खारिज किया है, लेकिन क्षेत्र में बाघों की सुरक्षा और निगरानी बढ़ा दी गई है।

यह घटना वीटीआर में बाघों की लगातार हो रही मौतों की कड़ी में ताजा मामला है। वीटीआर में पिछले पांच वर्षों में छह से अधिक बाघों की मौत हो चुकी है, जो बिहार के एकमात्र टाइगर रिजर्व के लिए गंभीर चिंता का विषय है। घटनास्थल पर वन संरक्षक, डीएफओ पीयूष बरनवाल, रेंजर शिवकुमार राम, वेटनरी डॉ. मनोज कुमार टोनी, बॉयोलॉजिस्ट सौरभ कुमार और अन्य वनकर्मियों की टीम ने पहुंचकर जांच शुरू की। बाघिन के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और नमूने भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई), बरेली और वन्यजीव संस्थान (डब्लूआईआई) देहरादून भेजे जाएंगे ताकि मौत के सटीक कारण का पता लगाया जा सके। वीटीआर में अब तक हुए बाघों की मौत की आंकड़ा 1. तीस जनवरी 2021 को गोबर्धना वनक्षेत्र में धारदार जाल में फंसकर एक बाघ की मौत हुई थी। 2. फरवरी 2021 में बाघिन टी-3 का शव कीड़े लगे हालत में मिला, जिसे इलाज के लिए पटना ले जाते समय उसकी मौत हो गई।

## आकाशीय बिजली गिरने से एक की मौत

**डेहरी आन सोन, 22 मई (तरूणमित्र)।** रोहतास जिले के नासरीगंज थाना क्षेत्र के मेदनीपुर गांव में आकाशीय बिजली गिरने से बीती देर रात एक किसान की मौत हो गई। मृतक मेदनीपुर निवासी 50 वर्षिय भिखारी राम हैं। पुलिस के अनुसार मृतक मेदनीपुर निवासी अमरेंद्र कुमार के यहां मजदूरी करता था। देर शाम छत पर कुछ सामग्री लाने गया था कि अचानक तेज गर्जना के साथ दो मंजिले छत पर आकाशीय बिजली गिर गइ जिसके चपेट में आने से उसकी घटनस्थल पर ही मौत हो गई। मृतक अपने पीछे पत्नी व दो पुत्र छोड़ गया है जिसमें एक पुत्र मानसिक रूप से विक्षिप्त है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि आकाशीय बिजली से हुई मौत को ले शव को अंत्यपरीक्षण के लिए सासाराम भेज दिया गया है। घटना के बाद स्वजनों में कोहराम मच गया। वह अपने परिवार का एक मात्र कमाने वाला व्यक्ति था। सीओ अंचला कुमारी ने बताया कि मृतक के मुआबजा की प्रक्रिया पूरी कर आश्रित को मुआबजा दिया जायेगा।

## जो सरकार चूहा नहीं मार पा रही है वह, अपराधियों को क्या खाक पकड़ेगी : तेजस्वी

**पटना, 22 मई (तरूणमित्र)।** पटना के पालीगंज में बीती रात क्रिकेट टूनार्मेंट के दौरान तीन लोगों पर हुयी गोलीबारी को लेकर राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव ने बिहार सरकार पर तंज कसा है। तेजस्वी ने कहा कि जो सरकार चूहा नहीं पकड़ पा रही है, चूहा नहीं मार पा रही है, वह अपराधियों को क्या खाक पकड़ेगी। बिहार विधानसभा में



नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने गुरुवार को कहा कि बिहार में अपराधियों का बोलबाला है। पुलिस की गुंडागर्दी चरम सीमा पर चली गई है, इसे कोई देखने वाला नहीं है। अपराधियों को सरकार नहीं पकड़ रही है और निर्दोष लोगों को थाने बुला-बुलाकर मार रही है। यहां तक कि महिलाओं को पीटा जा रहा है, लेकिन कोई देखने वाला नहीं है।

उल्लेखनीय है कि पटना जिले में पालीगंज अनुमंडल के रानी तालाब थानाक्षेत्र में सैदाबाद पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि अंजनी सिंह और दो और लोगों को सरेआम बाइक सवार अपराधियों ने बीती रात गोली मारी थी। घायल मुखिया प्रतिनिधि अंजली सिंह ने अपना बयान देते हुए कहा कि विक्रम विधानसभा से विधायक सिद्धार्थ सौरभ, गनौरी यादव और राजेश यादव के द्वारा गोलीबारी करवायी गयी है। साथ ही घायल अंजनी सिंह ने तीनों लोगों पर आरोप लगाते हुए कहा कि इन लोगों ने ही मेरी हत्या करने की कोशिश की। अगर मेरी जान जाती है, तो इन तीनों के कारण ही जाएगी।

# भीषण सड़क हादसे में दो की मौत, एक जख़्मी की हालत गम्भीर

**नवादा, 22 मई (तरूणमित्र)।** नवादा जिले के नारदीगंज प्रखंड क्षेत्र के बस्ती बिगहा बाजार से ओड़ो गांव जाने वाली सड़क मार्ग में गुरुवार को दो बाइक की आमने सामने की टक्कर में तीन जख्मी हुए बाइक सवार में दो युवक की मौत हो गई। इस घटना में एक युवक की मौत इलाज के लिए नवादा लेकर जाने के क्रम में रास्ते में हो गई। दूसरे युवक की मौत गयाजी में इलाज के दौरान हो गई। इसके अलावा तीसरे युवक जीवन मौत से जूझ रहा है।

ग्रामीणों ने बताया तीन जख्मी में से दो की मौत हो गई है। मृतकों की पहचान ओड़ो गांव निवासी दूलो देवी 17 वर्षीय पुत्र भोला मांझी व दिनेश रविदास के 18 वर्षीय पुत्र कमलेश कुमार के रूप में किया गया



है। घायल की पहचान उदय साव के पुत्र राहुल कुमार के रूप में किया गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को जब्त कर कानूनी प्रक्रिया के पोस्टमार्टम कराने के बाद उसके परिजनों को सौप दिया। जख्मी राहुल कुमार का इलाज बिहार शरीफ के निजी अस्पताल में किया जा रहा है। जिसकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है। नवादा के विधायक विवाह देवी ने पीड़ित परिजनों से मिलकर धीरज बंधाया तथा हर संभव मदद का भरोसा दिया।

भाजपा नेता सह ओड़ो निवासी राजेन्द्र प्रसाद सिंह, पूर्व पैक्स अध्यक्ष पंकज कुमार उर्फ पिंकू सिंह, किसान विजय कुमार सिंह,20 सूत्री सदस्य प्रिय रंजन सिंह, चंदन सिंह समेत अन्य लोगों ने शोक संतप्त परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया, और आपदा प्रबंधन कोष से सहयोग राशि देने की मांग जिला प्रशासन से किया है। विधायक विभा देवी ने कहा है कि जल्द ही मुआवजे की राशि डीएम से बात कर दिला दी जाएगी।

## शहीद संतोष कुमार यादव को दी गई श्रद्धांजलि

**भागलपुर, 22 मई (तरूणमित्र)।** जम्मू-कश्मीर में मां भारती की सीमा की रक्षा करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए भारत माता के वीर सपूत शहीद संतोष कुमार यादव को गुरुवार को उनके पैतृक गांव भिट्ठा, इस्माइलपुर में नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



मौके पर विधायक शैलेन्द्र समेत अन्य वक्ताओं ने कहा कि शहीद संतोष यादव का बलिदान राष्ट्र की रक्षा के लिए सर्वोच्च त्याग का प्रतीक है। उनका जीवन आने वाली पीढ़ियों को देशप्रेम, साहस और कर्तव्यनिष्ठा की प्रेरणा देता रहेगा। समस्त क्षेत्र वासी इस दुःखद क्षण में शोकाकुल परिजन के साथ खड़े हैं और ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें। इस अवसर पर बिहपुर विधायक ई.कुमार शैलेन्द्र, पूर्व सांसद अनिल यादव, निवर्तमान जिलाध्यक्ष बिनोद मंडल, पूर्व जिलाध्यक्ष सुबोध सिंह कुशवाहा, सुबोध सिंह कुशवाहा, भाजयूमो के पूर्व जिलाध्यक्ष रूपेश रूप, बिहपुर विधानसभा संयोजक दिनेश यादव, अजय सिंह उर्फ मोटो, सौरव कुमार,अमित सिंह, राहुल कुमार, बिक्की चौधरी, अभिमन्यु कुमार, बबलू एवं सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने पुष्प अर्पित कर शहीद के अदम्य साहस, राष्ट्रभक्ति और बलिदान को नमन किया।

## शारदीय खरीफ महाभियान का शुभारंभ

**भागलपुर, 22 मई (तरूणमित्र)।** शारदीय खरीफ महाभियान के तहत गुरुवार को कर्मशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस कार्यक्रम का उद्घाटन भागलपुर के जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी और कृषि पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से किया। यह कार्यक्रम कृषि भवन परिसर में आयोजित किया गया। जिसकी मेजबानी कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण ने की। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को नई तकनीकों से अवगत कराना और उनकी आय तथा फसल उत्पादकता को बढ़ावा देना है। जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम का मकसद यही है कि हम यह पहचान सकें कि किस फसल में उत्पादकता बढ़ सकती है और कैसे किसान की आमदनी को दोगुना किया जा सकता है। भागलपुर का इलाका सब्जी और मक्का उत्पादन के लिए बेहद उपयुक्त है। इसे और आगे बढ़ाने की जरूरत है। कार्यक्रम में कृषि विभाग के कई अधिकारी, विशेषज्ञ और बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए। उम्मीद की जा रही है कि इस प्रशिक्षण से किसानों को नई दिशा मिलेगी।

# सड़क विकास के लिए 22.14 करोड़ की योजना को मंजूरीः सम्राट चौधरी

**पटना, 22 मई (तरूणमित्र)।** बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि राजधानी पटना के यातायात ढांचे को सुदृढ़ और सुचारू बनाने के लिए 22.14 करोड़ रुपये से अधिक की महत्वपूर्ण योजना को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि यह योजना पटना के यातायात को व्यवस्थित करने और सड़कों की गुणवत्ता में सुधार लाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

सम्राट चौधरी ने बताया कि विवेकानंद मार्ग, बोरिंग रोड से लेकर पश्चिम बोरिंग कैनाल रोड स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर तक तथा बीच में आने वाले इन्दिरा सिन्हा पथ, राजेन्द्र पथ, वीर शिवाजी पथ, वीर कुंवर सिंह पथ, रामकृष्ण पथ, लाल बहादुर शास्त्री मार्ग, मदर टेरेसा मार्ग, तिलक मार्ग, कस्तुरबा पथ एवं अन्य संपर्क पथ के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण हेतु 2214.67 लाख रुपये (बाईस करोड़ चौदह लाख सड़सठ हजार) की योजना को स्वीकृति दी गई है। उन्होंने ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पटना एयरपोर्ट के नये टर्मिनल का उद्घाटन करने के बाद जल्द ही राजधानी पर यातायात का दबाव बढने वाला है। जेपी गंगा पथ का लगातार विस्तार होने से भी शहर की सड़कों को चौड़ा करने और मजबूत बनाने की जरूरत महसूस की गई , इसलिए लोक वित्त समिति और स्थायी वित्त समिति ने पटना की सड़क विकास योजना की अनुशंसा की। उपमुख्यमंत्री चौधरी ने बताया कि किसी अन्य विभाग से अधिग्रहित पथों पर कार्य तभी किया जाएगा, जब उसका विधिवत हस्तांतरण हो चुका हो और यदि किसी मार्ग पर पूर्व में कार्य हुआ है, तो उसकी डिफेक्ट लाइबिलिटी पीरियड यानि डीएलपी की समाप्ति के बाद ही नया कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री निजी नलकूप योजना के तहत 16,100 लाभुकों को किया गया अनुदान का वितरण

**पटना, 22 मई (तरूणमित्र)।** सात निश्चय-2 ?हर खेत तक सिंचाई का पानी? की परिकल्पना को साकार करने के लिए लघु जल संसाधन विभाग द्वारा मुख्यमंत्री निजी नलकूप योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस योजना के अन्तर्गत 16,100 लाभुकों को अनुदान का वितरण किया जा चुका है। कृषि विभाग से प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक योजना के तहत कृषकों को निजी नलकूपलगानेकेलिएअनुदान दिया जा रहा है। योजना अंतर्गत कुल 35,000 निजी नलकूपों को अब तक लगाया जा चुका है, जिससे लगभग 1,75000 हे. भूमि पर सिंचाई सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। योजना में अबतक 23,397 कृषको ने बोरिंग गाड़कर अपना दावा ऑनलाईन पोर्टल पर अपलोड कर दिया है ,जिससे 1,16,985 हे. भूमि में सिंचाई क्षमता का सृजन किया गया है। जिनमें से 16,100 कृषको को 91.91 करोड रुपए का अनुदान दिया जा चुका है। शेष प्राप्त दावों का युद्धस्तर पर स्थल जांच कर अनुदान का भुगतान किये जाने की प्रक्रिया प्रगति पर है। राज्य के जिन कृषको ने अभी तक दावा प्रस्तुत नहीं किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### आंगनबाड़ी सेविकाओं को पोषण की पढ़ाई भी कार्यक्रम के तहत मिला प्रशिक्षण

**भागलपुर, 22 मई (तरूणमित्र)।** जिले के नाथनगर में पोषण की पढ़ाई भी कार्यक्रम के तहत गुरुवार से आंगनबाड़ी सेविकाओं के लिए द्वितीय बैच का प्रशिक्षण शुरू हुआ। यह प्रशिक्षण 22 मई से 24 मई तक आयोजित किया गया है। जिसकी अध्यक्षता नाथनगर सीडीपीओ



पिंकी कुमारी ने किया। इस मौके पर सीडीपीओ ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को नई शिक्षा नीति के अनुरूप शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाना ह। जिससे उनकी प्रारंभिक शिक्षा की नींव मजबूत हो सके। प्रशिक्षण के दौरान सेविकाओं को बताया गया कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर किस प्रकार से बच्चों के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित किया जा सकता है। प्रशिक्षण सत्र में पुष्पांजलि कुमारी, निवेदिता भारती, प्रखंड सम्यक राजकुमार और कार्यपालक सहायक सूरज अवस्थी ने सेविकाओं को जरूरी दिशा-निर्देश और प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण में द्वितीय बैच की सभी सेविकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पूर्ण उपस्थिति दर्ज कराई।

### 26 को मनाया जायेगा सुहागिनों का वट सावित्री : पंडित तरुण झा

**सहरसा, 22 मई (तरूणमित्र)।** ब्रज किशोर ज्योतिष संस्थान डॉ रहमान चौक सहरसा के संस्थापक ज्योतिषाचार्य पंडित तरुण झा जी ने बताया कि ज्येष्ठ मास की कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि को वट सावित्री का व्रत रखा जाता है। सुहागिन महिलाएं इस दिन अपने पति की लंबी उम्र के लिए व्रत रखती हैं। माना जाता है कि पौराणिक समय में सावित्री ने यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राण वापस लाने के लिए यह व्रत रखा था। मिथिला



विश्वविद्यालय पंचांग के अनुसार,अखंड सौभाग्य प्रदान करने वाला वट सावित्री व्रत 26 मई सोमवार को है एवं अमावस्या सुबह 11.02 मिनट से पूरे दिन है,वट सावित्री का व्रत सौभाग्य प्राप्ति के लिए किया जाता है। वट वृक्ष का पूजन एवं सावित्री-सत्यवान की कथा का स्मरण करने के विधान के कारण ही यह व्रत वट सावित्री के नाम से प्रसिद्ध हुआ। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार,वट वृक्ष को देव वृक्ष माना गया है। वट वृक्ष की पूजा कर महिलाएं देवी सावित्री के त्याग, पति प्रेम एवं पति व्रत धर्म का स्मरण करती हैं, व्रत स्त्रियों के लिए सौभाग्य वर्धक प्रदान करने वाला होता है। पहली बार व्रत करने वाली नवविवाहितों को विशेष पूजा-अर्चना करने की मान्यता है,पंडित तरुण झा जी ने बताया कि पहली बार व्रत करने वाली नवविवाहिता स्नान के उपरांत नया वस्त्र धारण कर श्रृंगार करती है।तत्पश्चात वट के पेड़ की पूजा हेतु निकलती है, उनके पीछे दर्जनों महिलाएं पारम्परिक गीत गाती हुई वट वृक्ष तक साथ चलतीं हैं।साथ ही सुहागिन महिलाएं कच्चे धागे से वृक्ष को बांधती हैं,वृक्ष के नीचे फल, पकवान रखकर वट सावित्री की पूजा,कथा कही और सुनी जाती हैं।

### जैव विविधता दिवस पर मानव श्रृंखला बनाकर बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

**अररिया, 22 मई (तरूणमित्र)।** फारबिसगंज के तिरसकुंड पंचायत के प्राथमिक विद्यालय आदिवासी टोला मधुरा में गुरुवार को जैव विविधता दिवस मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रधान शिक्षक कुमार राजीव रंजन ने बच्चों को जैव विविधता कोलेकर जानकारी दी।उन्होंने



कहा कि यह दिवस संयुक्त राष्ट्र ने 29 दिसंबर 1993 से शुरू किया लेकिन 2021 के बाद यह दिवस हर वर्ष 22 मई से मनाई जा रही है। सभी जीव जंतुओं के रहने से पर्यावरण का संतुलन बना रहता है। इसलिए सबों का कर्तव्य है कि सभी जीवों की देखभाल और उनकी सुरक्षा करे।उन्होंने बच्चों से साझा करते हुए बताया कि बढ़ती जनसंख्या, औद्योगिकरण,ग्लोबल वार्मिंग, रासायनिक खाद एवं कीटनाशक का अधिक मात्रा में प्रयोग और प्रदूषण के कारण वन्य जीवों की संख्या घटती जा रही है। इससे बचने हेतु वनों को काटने व हरित प्रभाव गैसों का उत्सर्जन रोकने के लिए लोगों को जागरूक होने की आवश्यकता है।उन्होंने बच्चों से अधिक से अधिक पेड़ लगाने और जल संचय की वकालत की।वरीय शिक्षक रिंकू कुमार पासवान ने भी बच्चों के बीच जैव संतुलन को लेकर अपना विचार साझा किया। बच्चों ने मानव श्रृंखला बनाकर संकल्प लिया कि हम लोग पर्यावरण प्रदूषण के विपरीत कोई काम नहीं करेंगे।कार्यक्रम में आंगनबाड़ी सेविका मीना टुडू, सहायिका शनिचरी देवी, लुखी देवी,आरती देवी,ललिता कुमारी, सामाजिक कार्यकर्ता रवि रोशन मौजूद रहे।

### सोनीपत में मकान तोड़ने के क्रम में मलबा में दबने से औराही के मजदूर की मौत

**अररिया, 22 मई (तरूणमित्र)।** सिमराहा थाना क्षेत्र के औराही पश्चिम पंचायत के वार्ड संख्या 9 निवासी 38 वर्षीय घलटू मंडल पिता पृथ्वी मंडल की सोनीपत में मकान तोड़ने के क्रम में मलबा में दबने से मौत हो गई।दो माह पहले ही परिवार के भरण पोषण को लेकर वह सोनीपत गया था। घलटू मंडल की मौत की सूचना गांव में जब गुरुवार को पहुंची तो परिजन में अफरातफरी मच गया। हादसे में मजदूर की मौत की सूचना के बाद घर कर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लग गया।भाजपा ओबीसी मोचा जिलाध्यक्ष दिलीप पटेल मृतक के घर पहुंचकर शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाया और सरकार से समुचित मुआवजा दिलाने के लिए अपनी ओर से सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया। मामले को लेकर भाजपा नेता दिलीप पटेल और पीड़ित के परिजन ने बताया कि ढेर माह पूर्व भी इसी परिवार के पप्पू मंडल पिता जगदेव मंडल की मौत बीमार रहने से हो गया था, जबकि परिवार में यही दो कमाने वाले थे।घर से दो कमाऊ व्यक्ति के चले जाना परिवार के सदस्यों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घलटू मंडल दो माह पूर्व सोनीपत कमाने के लिए गया था जहां से उनकी मृत्यु की खबर आने से पूरा गांव गमगीन है।मृतक को दो छोटे-छोटे बच्चे हैं।पत्नी रिंकू देवी की चित्कार से सभी के आंखें नम हो गई। घटना पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में दिलीप पटेल के अलावे पूर्व विधायक पदम पराग राय वेणु,मुखिया प्रतिनिधि आफताब आलम चुन्ना, पूर्व पैक्स अध्यक्ष देवेन्द्र गुप्ता पिंटू, डब्लू भगत आदि हैं।

# अररिया में 28 पुलिस अवर निरीक्षकों का तबादला

**फारबिसगंज/ अररिया, 22 मई (तरूणमित्र)।** अररिया में आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार ने 28 पुलिस अवर निरीक्षकों का स्थानांतरण किया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय की गोपनीय शाखा ने स्थानांतरण आदेश जारी किया। यह कदम चुनावी प्रक्रिया को सुचारू-निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए अररिया जिले में बड़ा प्रशासनिक कदम उठाया गया है।

ट्रांसफर सूची में पुअनि शिल्पा कुमारी को अररिया नगर थाना से भरगामा थाना भेजा गया है, जहां वे महिला हेल्प डेस्क, अनुसंधान इकाई और बाल कल्याण पुलिस




अधिकारी की जिम्मेदारी निभाएंगी। पुअनि अंकुर, काजल कुमारी और सुभाष कुमार को फारबिसगंज थाना की अनुसंधान इकाई में नियुक्त किया गया है।

जिसमें काजल को महिला हेल्प डेस्क और बाल कल्याण की अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है। पुअनि आराधना कुमारी को नरपतगंज थाना, सिमरन दरख्शां को जोकीहाट थाना और सरोज कुमार को साइबर थाना की अनुसंधान इकाई में तैनाती मिली है।

वहीं, पूजा कुमारी को अररिया आरएस थाना से महिला थाना में स्थानांतरित किया गया है। त्रिपुरारी कुमार को फारबिसगंज और नितेश सिंह को भरगामा थाना की जिम्मेदारी दी गई है। सुधा कुमारी को आरएस थाना में अनुसंधान और महिला हेल्प डेस्क की भूमिका दी गई है। प्रियंका कुमारी को अररिया नगर थाना और प्रभा कुमारी को फारबिसगंज थाना भेजा गया है। प्रीति कुमारी महिला थाना में अपर थानाध्यक्ष और लक्ष्मी कुमारी महिला थाना की अनुसंधान इकाई में कार्य करेंगी।

## ब्राह्मण फेडरेशन जिलाध्यक्ष ने यूपीएससी के आईएफएस क्रैक किए किसलय को दी बधाई

**अररिया 22 मई (तरूणमित्र)।** ऑल बिहार ब्राह्मण फेडरेशन के जिलाध्यक्ष सुबोध मोहन ठाकुर ने संघ लोक सेवा आयोग के भारतीय वन सेवा परीक्षा को क्रैक किए परवाहा के किसलय झा को बधाई दी। देश में 44 वां रैंक लाने को पूरे ब्राह्मण समाज को गौरवान्वित करने वाला करार दिया।



सुबोध मोहन ठाकुर ने कहा कि किसलय की सफलता से ब्राह्मण समाज का सम्मान बढ़ा है। उन्होंने किसलय से फोन पर बात होने की बात करते हुए कहा कि वह अभी दिल्ली में हैं। उनके फारबिसगंज आगमन पर फेडरेशन द्वारा उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कम उम्र में हीं बड़ी सफलता प्राप्त करने वाले किसलय मात्र अररिया के युवकों के लिए नहीं बल्कि बिहार के नवयुवकों के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
तरुणमित्र
श्रम ही आधार, सिर्फ खबरों से सरोकार
शुक्रवार, 23 मई 2025
विक्रम संवत्- 2082, ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष- एकादशी

# साइबर धोखाधड़ी रोकेगा एफआरआई

रुपए -पैसे के लेनदेन के डिजिटलीकरण की दिशा में देश ज्यों- ज्यों तेजी से आगे बढ़ रहा है, ऑनलाइन वित्तीय अपराधों की बाढ़ आ गई है, जिसे रोक पाना फिलहाल किसी व्यवस्था के अंदर सम्भव दिखाई नहीं दे रहा है। स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी सायबर वित्तीय अपराधों को लेकर चिंता जता चुके हैं। प्रधानमंत्री और अन्य बड़े जिम्मेदारों के सायबर अपराधों के प्रति यह चिंता दिखाने के बाद भी देशभर में साइबर फ्रॉड और रुपए पैसे संबंधित स्कैम बढ़ते जा रहे हैं। अब ऐसे मामलों को रोकने के लिए सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। यह फाइनेंसियल फ्रॉड रिस्क इण्डिकेटर नाम की व्यवस्था है जिसे पिछले दिनों केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुरू किये जाने का ऐलान किया है। इसे संक्षेप में 'एफआरआई' कहा जा रहा है और यह साइबर आधारित वित्तीय धोखाधड़ी के खिलाफ भारत का प्रभावी 'कवच' भी बताया जा रहा है। दूरसंचार विभाग ने इसे डिजिटल इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म के तहत डेवलप किया है। एफआरआई एक टेक इनेबल टूल है जो मोबाइल नंबरों को मीडियम, हाई या वेरी हाई रिस्क की कैटेगरी में डिवाइड करता है। यह डिविजन कई सूत्रों से मिली जानकारी के आधार पर किया जाता है, जैसे कि नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल, डॉट का चक्षु प्लेटफॉर्म, और वित्तीय संस्थानों से मिले अन्य अलर्ट। बाद में ये क्लासिफिकेशन बैंकों, यूपीआई प्लेटफॉर्म्स और एनबीएफसी को रियल टाइम में शेयर किया जाते है, जिससे वे लेनदेन पर एडिशनल जांच कर सकें या जरूरत पड़ने पर पेमेंट ब्लॉक कर सकते हैं। जब कोई डिजिटल लेनदेन शुरू किया जाता है, तो यूजर के मोबाइल नंबर को एफआरआई डेटाबेस से क्रॉस-चेक किया जाता है। अगर उस नंबर का रिस्क स्कोर ज्यादा होता है जैसे कि वह पहले किसी धोखाधड़ी से जुड़ा रहा हो या उसके पहले भी उस नंबर से फ्रॉड की शिकायत मिली होगी तो एक अलर्ट ट्रिगर होता है। प्लेटफॉर्म के हिसाब से इस अलर्ट का असर अलग हो सकता है। जैसे कि लेनदेन में देरी, स्क्रीन पर चेतावनी, या पेमेंट को सीधे ब्लॉक कर देना। फिलहाल ऑनलाइन भुगतान कम्पनी फोनपे ने इसे अपनाया है और अब वह वैरी हाई रिस्क नंबरों के लिए अपनी ओर से ट्रांजैक्शन रिजेक्ट कर देता है, जबकि मीडियम रिस्क नंबरों के लिए पहले से ही अलर्ट जारी करता है, उसके बाद ट्रांजेक्शन करना न करना उपभोक्ता की मर्जी है। जैसे-जैसे यूपीआई भारत के डिजिटल भुगतान सिस्टम में हावी होता जा रहा है, वैसे-वैसे एफआरआई का चलन एक बड़ा कदम माना जा रहा है क्योंकि इससे लाखों लोगों को साइबर धोखाधड़ी से बचाने, भरोसा मजबूत करने और देश के डिजिटल इकोसिस्टम को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में अहम मदद मिलेगी, संदिग्ध नंबरों की पहचान आसान हो जाएगी, जिससे साइबर अपराध या वित्तीय धोखाधड़ी को रोका जा सकेगा। यह टूल यूपीआई बैंक और अन्य वित्तीय संस्थाओं के साथ रिएल टाइम में जानकारी शेयर करेगा, जिससे जल्द ही साइबर फ्रॉड से जुड़े नंबर को पहचाना जा सकेगा। भविष्य में ऑनलाइन वित्तीय अपराधों को रोकने और धोखाधड़ी से बचाने में एफआरआई की भूमिका महत्वपूर्ण सिद्ध हो सकती और उपभोक्ता खुलकर ऐसे वित्तीय लेनदेन बगैर चिंता किये कर सकते हैं।

## वतन की आवाज


सुरेश लाल शर्मा

भारतवासी कहते हैं, कि हिन्द आजाद है।
लेकिन यह सिर्फ सुनने भर की आवाज है।।
विदेशी अंग्रेज तो चला गया,
स्वेदशी अंग्रेज जिंदा हैं।

जिनके कुशासन से देशवासी
दुखी और शर्मिदा है ।।
यह देश है गाँधी, गौतम और आजाद का।
देश को लूटते नेता,
मगर शर्म नहीं बर्वाद् का। ।

लगता है अब सच्चाई डूब जायेगी झूठो का
रहेगा राज। सच को दबाये जाते हैं,
जन-जन का है अंदाज।।
सर पे है गाँधी टोपी कहलाता है राज नेता।
उसी देश में बेसहारा बन कर मर गया
गाँधी का पोता।।
भारत देश है अमीर जहाँ के लोग हैं गरीब।
इसलिए कि यहाँ है चोर बेईमान खुशनशीब।।
राम कृष्ण की भूमि है यह, दुनियाँ आकर करती प्रणाम।
सब जानते है मेरा भारत है महान।।
देश भक्त के नाम पर पीट रहा है डंका।
घूम-घूम कर देखा हमने, घर-घर रावण घर-घर लंका।।
देश को मेरा सौ-सौ प्रणाम लाखो प्रणाम।
हे भारत माता तेरी कोख में पैदा ले, सुभाष, भगत सिंह जैसा महान
भारत माता तुझे सलाम, तुझे सलाम, तुझे सलाम।।

## सूडोकु नवताल- 7438

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | | 9 | | | |
| | 2 | | | 8 | 4 | | | |
| 8 | | | | | | 3 | | |
| | | | | | | | 9 | 4 |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 5 | 6 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 9 |
| | | | 2 | 5 | | | 8 | |
| | | | 6 | | | 2 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7437 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 6 | 7 |
| 6 | 4 | 2 | 3 | 5 | 7 | 9 | 1 | 8 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 1 | 4 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 6 | 9 | 7 | 1 | 5 | 8 | 4 | 2 |
| 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 6 |
| 7 | 5 | 6 | 1 | 9 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 8 | 3 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 1 |
| 2 | 1 | 4 | 6 | 7 | 3 | 5 | 8 | 9 |

# क्यों जनता भ्रष्टाचार का अनचाहा भार ढ़ोये ?


ललित गर्ग

**विभिन्न राजनीतिक दलों, विभिन्न प्रांतों की सरकारों, विभिन्न गरीब कल्याण की योजनाओं, न्यायिक क्षेत्र एवं उच्च जांच एजेंसियों में भ्रष्टाचार की बढ़ती स्थितियां गंभीर चिन्ता का विषय है। ऐसा लगता है आज हम जीवन नहीं, राजनीतिक, न्यायिक एवं प्रशासनिक मजबूरियां जी रहे हैं।**

ऐसा भी लगता है न्याय, राजनीति एवं प्रशासन की सार्थकता एवं साफ-सुथरा उद्देश्य नहीं रहा, स्वार्थपूर्ति का जरिया बन गया है। दिल्ली उच्च न्यायालय के द्वारा एक असामान्य घटनाक्रम के तहत भ्रष्टाचार के एक मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के तीन अधिकारियों को उसी सीबीआई की हिरासत में भेज देना न केवल चिन्ताजनक एवं शर्मनाक है बल्कि विडम्बनापूर्ण है। भाजपा सरकार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ केन्द्रीय एजेंसियों की कार्रवाई का बुगल बजाय हुए है, जिससे राजनीति में बढ़ रहे भ्रष्टाचार पर नियंत्रण का नया सूरज उदित होता हुआ दिखाई दे रहा है, लेकिन सीबीआई जैसी जांच एजेन्सी में भ्रष्टाचार का पदार्फाश होना इस सूरज को उदित होने से पहले ही अंधेरा की ओट में ले रहा है।

इससे भी बड़ी त्रासद एवं निराशाजनक है गुजरात में 71 करोड़ रुपये के मनरेगा घोटाले में मंत्री बच्चू भाई खाबड़ के दो बेटों का गिरफ्तार होना। राजनीति एवं कार्यपालिका के साथ न्याय पालिका के क्षेत्र में जस्टिस यशवंत वर्मा के सरकारी आवास से बड़ी मात्रा में कथित तौर पर नकदी मिलना भ्रष्टाचार के सर्वत्र व्याप्त होने को दर्शा रहा है। जनता कब तक भ्रष्टाचार का अनचाहा भार ढ़ोती रहेगी। कैसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भ्रष्टाचारमुक्त आदर्श राष्ट्र-निर्माण के अपने लक्ष्य को हासिल कर सकेंगे? कैसे आजादी के अमृत काल में ईमानदार राष्ट्र बना पायेंगे?

न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने 25 अप्रैल को सीबीआई के तीन अधिकारियों के भ्रष्टता पर अपने आदेश में कहा कि यह सीबीआई, ईडी और ऐसे अन्य विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार का अनूठा मामला है, जिसने हमारी कार्यपालिका और जांच तंत्र की पूरी संरचना को हिलाकर रख दिया है। इन एजेंसियों का प्राथमिक कर्तव्य अपराध की जांच करना और भ्रष्टाचार के दोषियों को सजा दिलाना है। लेकिन इन उच्च जांच एजेन्सियों के आला अधिकारी ही भ्रष्ट हो तो दूसरों के भ्रष्टाचार मामलों में निष्पक्ष एवं तीक्ष्ण जांच की उम्मीद कैसे संभव है?

सीबीआई-भ्रष्टाचार एकमात्र मामला नहीं है, बल्कि यह विभिन्न विभागों के अधिकारियों के बीच एक 'बड़ी साजिश' को दर्शाता है, जो अनुचित लाभ या प्रभाव डालने समेत इन विभागों के कामकाज में हस्तक्षेप करने के लिए रिश्वत के मामले को दशार्ता है। अब सर्वोच्च न्यायालय के जज भी ऐसे मामलों में लिप्त हो तो समस्या की गंभीरता को सहज ही समझा जा सकता है। निश्चित ही भारतीय न्यायपालिका के इतिहास में जस्टिस वर्मा केस एक दुर्लभ एवं संवेदनशील मौका है। अब इसकी वजह से न्यायपालिका की गरिमा को ठेस न पहुंचे और जनता का भरोसा बना रहे, इसके लिए पूर्व मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने मामले से जुड़ी जानकारियों को देश से साझा किया। साथ ही, उनकी पहल पर सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों ने अपनी संपत्ति का ब्यौरा भी सार्वजनिक किया।

जस्टिस वर्मा का ट्रांसफर किया गया और जांच कमिटी बनाकर उसकी रिपोर्ट सरकार व राष्ट्रपति के पास भेजकर महाभियोग की सिफारिश कर दी गई है। यहां से अब गेंद सरकार और संसद के पाले में है। महाभियोग ही एकमात्र तरीका है, जिससे सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के मौजूदा जजों को हटाया जा सकता है। लेकिन, आजाद भारत के इतिहास में आज तक ऐसा नहीं हुआ। इसके पहले, भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे कलकत्ता हाई कोर्ट के न्यायाधीश सौमित्र सेन के खिलाफ महाभियोग चला था, लेकिन लोकसभा में वोटिंग से पहले ही उन्होंने इस्तीफा दे दिया यानी वहां भी प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई थी। अब अगर जस्टिस वर्मा का यह मामला महाभियोग तक पहुंचता है, तो वहां भी एक लंबी प्रक्रिया चलेगी। लेकिन विचार करने वाली बात यह है कि क्या न्यायपालिका की स्वतंत्रता को अक्षुण्ण रखते हुए प्रक्रिया की जटिलता को कम किया जा सकता है? ताकि जजों के भ्रष्टाचार की उचित सजा उनको मिल सके, ऐसी प्रक्रिया से ही न्यायपालिका बिना किसी डर, दबाव या लालच के अपना कर्तव्य भी निभा सके।

भ्रष्टाचार की परतें अपराधियों एवं भ्रष्ट लोगों को बचाने तक ही सीमित नहीं है, अब तो यह गरीबों का निवाला भी छीन रही है। सरकार गरीबों के लिये अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाती हैं, लेकिन बड़ा स्थापित तथ्य है कि अधिकतर सरकारी योजनाएं अपने लक्ष्य तक नहीं पहुंच पातीं, भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाती हैं। महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना यानी मनरेगा की स्थिति भी इससे अलग नहीं है। इस योजना की शुरूआत इस मकसद से की गई थी कि गरीब परिवारों को साल में कम से कम सौ दिन रोजगार मिल सकेगा और वे अपना भरण-पोषण कर सकेंगे मगर शुरूआती वर्षों में ही इसमें भ्रष्टाचार उजागर होने लगे थे। फर्जी नाम दर्ज कर काम देने की बड़ी चालबाजियां सामने आई थीं। सरकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार का ताना-बाना संबंधित महकमों में ही बुना जाता है। इसी का त्रासद उदाहरण गुजरात में मनरेगा के तहत फर्जी तरीके से कार्य निष्पादन के दस्तावेज तैयार कर करोड़ों की रकम भुना लेने का है। पुलिस ने इस मामले में अब तक ग्यारह लोगों को गिरफ्तार किया है, जिन्हें सड़क, बांध, पुलिया आदि निर्माण के लिए सामग्री मुहैया कराने का ठेका दिया गया था।

इस घोटाले ने इसलिए तूल पकड़ा और राजनीतिक रंग ले लिया है कि इसमें वहां के पंचायत और कृषि राज्यमंत्री के दो बेटों को भी गिरफ्तार किया गया है। गुजरात ही नहीं, देश के अन्य हिस्सों में भी मनरेगा में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के किस्से उजागर हो रहे हैं। मुजफ्फरपुर में भी मनरेगा भ्रष्टाचार का शिकार हो गया है। जिले के कई ब्लॉक में मनरेगा में भ्रष्टाचार हो रहा है। फर्जी हाजिरी और फोटो घोटाले से हर दिन लाखों रुपये की लूट हो रही है। एक ही फोटो को बार-बार इस्तेमाल करके लाखों रुपये निकाले जा रहे हैं। गुजरात में मंत्री के बेटों के द्वारा मनरेगा लूट एवं भ्रष्टाचार अधिक परेशान करने वाला एवं चिन्ता में डालने वाला है। नेता, मंत्री एवं प्रशासनिक अधिकारी अच्छे-बुरे, उपयोगी-अनुपयोगी का फर्क नहीं कर पा रहे हैं। मार्गदर्शक यानि नेता शब्द कितना पवित्र व अर्थपूर्ण था पर अब नेता खलनायक बन गया है। नेतृत्व व्यवसायी एवं भ्रष्टाचारी बन गया। आज नेता शब्द एक गाली है। जबकि नेता तो पिता का पर्याय था। उसे पिता का किरदार निभाना चाहिए था। पिता केवल वही नहीं होता जो जन्म का हेतु बनता है अपितु वह भी होता है, जो अनुशासन सिखाता है, ईमानदारी का पाठ पढ़ाता है, विकास की राह दिखाता है। आगे बढ़ने का मार्गदर्शक बनता है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

# सीवर में मौतों का अंतहीन सिलसिला


रोहित माहेश्वरी

सीवर की सफाई करते समय मजदूरों की जान जाना कोई नहीं बात नहीं है। ये बात सुनने में थोड़ी कड़वी जरूर है, लेकिन है बिल्कुल सच। बीती छह मई को बठिंडा में एक ट्रीटमेंट प्लांट की सफाई लिए उतरे तीन लोग अपनी जान गंवा बैठे। इस घटना के हफ्ते बाद हरियाणा रोहतक के माजरा गांव में एक व्यक्ति और उसके दो बेटे एक-दूसरे को जहरीले मैनहोल से बचाने की कोशिश में एक के बाद एक मर गए। पंद्रह मई को फरीदाबाद में एक मकान मालिक ने नियुक्त सफाईकर्मी को बचाने के लिए सेप्टिक टैंक में छलांग लगा दी। दोनों की ही जहरीली गैस से दम घुटने से मौत हो गई। कितना दुखद है कि आज इक्कीसवीं सदी में भी सीवर-सेप्टिक टैंकों का काम मैनुअली कराया जाता है। इन टैंकों में सफाई करने के लिए उतारने वालों को सुरक्षा उपकरण तक मुहैया नहीं कराए जाते। दो चार दिन के हो हल्ले के बाद गाड़ी पुरानी पटरी पर दौड़ने लगती है।

भले हम इस बात पर गर्व करें कि हमारा देश तकनीकी मामले में इतना आगे बढ़ गया है कि चांद पर सफलतापूर्वक चंद्रयान भेज रहा है। मंगल ग्रह पर पानी की खोज कर रहा है। पर इस बात पर शर्म महसूस होती है कि क्या हमारे पास इतनी भी क्षमता नहीं कि वह गटर या सीवर-सेप्टिक टैंकों की सफाई के लिए मशीनी तकनीक विकसित कर सके। यदि ये क्षमता है तो फिर क्यों गटरों-टैंकों की सफाई करते हुए मारे जा रहे हैं? और यदि शासन-प्रशासन की लापरवाही से ये मौतें हो रही हैं तो फिर इन्हें मौतें नहीं बल्कि हत्याएं कहा जाएगा।

देश में साल 1993 में पहली बार सीवरों की मैनुअल सफाई और मैला ढोने की प्रथा पर बैन लगाया गया था। इसके 20 साल बाद मैनुअल स्कैवेंजिंग एक्ट, 2013 के जरिए इस पर पूरी तरह पाबंदी लगा दी गई थी। कानून के मुताबिक, अगर मजदूरों को परिस्थितिवश अगर सीवर में उतरना पड़ता है को उनको 27 दिशानिदेशों का पालन करना होग। इसके बाद भी आए दिन सीवर और सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान मजदूरों की मौत के मामले सामने आते रहे हैं। इससे पहले भी सीवर में सफाई के दौरान जानें जाने के मामले अलग-अलग जगहों से सामने आते रहे हैं। सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले ने राज्यसभा में आंकड़े शेयर कर बताया कि पिछले 31 सालों में 1248 जानें जा चुकी हैं।

सीवर और सेप्टिक टैंक में सफाई के दौरान सबसे ज्यादा 253 जानें तमिलनाडु में गई। उसके बाद गुजरात में 183, उत्तर प्रदेश में 133 और दिल्ली में 116 लोगों की मौत हो चुकी है। देश के पास चांद तक पहुंचने की तकनीक है। लेकिन सीवर और सेप्टिक टैंक की सफाई के लिए आज भी मशीनों की कमी है। यही वजह है कि मजदूर इस जहरीली गैस वाले टैंकरों में खुद उतरकर सफाई करते हैं। कई बार तो उनकी जान तक चली जाती है। विडंबना ही है कि रोजगार के रूप में हाथ से सफाई के रोजगार पर प्रतिबंध, सफाईकर्मियों के पुनर्वास अधिनियम 2013 तथा खतरनाक सफाई पर प्रतिबंध लगाने के सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के बावजूद मौतों का सिलसिला थमा नहीं है। ऐसे मामलों में सुरक्षा प्रोटोकॉल की अनदेखी की जाती है। कानून के मुताबिक सफाई एजेंसियों के लिए सफाई कर्मचारियों को मास्क, दस्ताने जैसे सुरक्षात्मक उपकरण देना अनिवार्य है, लेकिन एजेंसियां अकसर ऐसा नहीं करतीं. कर्मचारियों को बिना किसी सुरक्षा के सीवरों में उतरना पड़ता है।

एक सर्वे के अनुसार सीवर की सफाई में लगे लोगों में से 49 फीसदी को सांस संबंधी और 11 फीसदी से अधिक को त्वचा संबंधी कई परेशानियां हो जाती हैं। गटर/सीवर साफ करने वाले 90 फीसदी सफाई कर्मचारियों की 60 की उम्र से पहले ही मौत हो जाती है। उनके पास कोई उपकरण नहीं होता, जिससे पता लगाया जा सके कि सीवर में जहरीली गैस है या नहीं।

ऐसे में ये हादसों के शिकार हो जाते हैं और अगर हादसों से बच जाते हैं तो इनके शरीर में बीमारियां घर कर जाती हैं जिससे ये भरी जवानी में ही मौत के शिकार हो जाते हैं। सीवर सफाई के लिए मशीनें खरीदने के दावों के बावजूद हाथ से सफाई का क्रम नहीं टूटता। कई जगह मशीनों के खरीदने पर करोड़ों का परिव्यय दिखाया गया, लेकिन जमीनी हकीकत नहीं बदली।

(ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

# विविधता भरी संस्कृति में नृत्य साथ-साथ चलते


अरुण कुमार दीक्षित

नृत्य आनंदित करता है। नृत्य उल्लसित करता है। नृत्य शरीर को ऊर्जा से भर देता है। प्रत्येक का मन नृत्य में थिरकने को करता है। कृष्ण और गोपियों के बीच नृत्य को रास कहा गया है। यह प्रेम और भक्ति का चरम परम है।

भारत में संगीत की सगुण उपासना हुई है। उसे वीणा वादिनी के रूप में साकार पूजा गया है। प्लेटो ने लिखा है कि आत्मा के लिए संगीत का वही महत्व है जो शरीर के लिए व्यायाम का। संगीत मानव को सत्यम शिवम सुंदरम की दिव्य अनुभूत करा देता है। संगीत का आनंद तात्कालिक है। संगीत का स्वरूप बौद्धिक है। भावात्मक भी है। आनंद, शोक, भय, तृष्णा , विजय, प्रेम आदि भावों को संगीत के स्वर तत्काल उत्पन्न करने में सक्षम होते हैं। जर्मन दार्शनिक गेटे ने संगीत को विज्ञान और दर्शन से उच्चतर कहा है। भारतीय अवधारणा ने संगीत को परमात्मा तक पहुंचाने की सीढ़ी कहा है।

महाकवि कालिदास ने संगीत की उत्पत्ति परमात्मा से बताई है। पुराणो में शिव और पार्वती के संयोग से राग रागनियों की उत्पत्ति बतलाई गई है। सरकारी व्यवस्था में 29 अप्रैल को अंतर्राष्ट्रीय नृत्य दिवस होता है। इसका शुभारंभ 1982 को हुआ था। यूनेस्को की सहयोगी अंतर्राष्ट्रीय रंगमंच संस्था की सहयोगी अंतरराष्ट्रीय नाच समिति ने 29 अप्रैल को नित्य दिवस के रूप में स्थापित किया है। यह दिवस जिन जॉर्ज नावेरे के जन्म की स्मृति के रूप में मनाया जाता है। इसका उद्देश्य पूरे विश्व में साधारण जनों के बीच नृत्य के महत्व को बताना था। वह फ्रांसीसी नर्तक था।

चारों वेदों के साथ है नृत्य वेद। इसमें सामवेद, अथर्ववेद, यजुर्वेद एवं ऋग्वेद से सामग्री ली गई है। मूलतः पूरब में (भारत) में कविता और नृत्य के संस्थापक आविष्कारक भरत मुनि हैं। नृत्य को सशक्त अभिव्यक्ति कहा गया है। नृत्य में नाचने वाले को एक ऐसा अद्भुत क्षण आता है कि नर्तक और नृत्य करने वाले दो नहीं रह जाते हैं। दो के बीच का फासला मिट जाता है। तब केवल नृत्य ही रह जाता है। यह गहन अनुभूति प्रतीति का विषय है। यह बाहर की घटना नहीं है। यह अंतस की घटना है। वह ही इसे जानता है जो नृत्य में उतरता है। नृत्य करता है। नृत्य मूर्त नहीं है यह अमूर्त है। जहां अमूर्त है वहां वह हृदय में ही घटित होता है। नर्तक के हृदय की वीणा से उसका एकाकार हो जाता है। नृत्य अमूल्य है।

नृत्य श्रीकृष्ण ने भी किया है। नाच्यो बहुत गोपाल, सूरदास के हृदय की दृष्टि है। वे कृष्ण के दरस के लिये नृत्य में हैं। नृत्य देवाधिदेव महादेव ने भी किया है। वहां उन्हें नटराज कहा गया है। महादेव का शिव तांडव विख्यात है। नृत्य एक उत्सव है। एक प्यास है। जीवन का छंद है नृत्य। प्रीति भी है नृत्य। नृत्य एक तरह से महारास है। नृत्य से हम भावों को व्यक्त करते हैं। एक दूसरे से जुड़ते हैं। नृत्य भारत की सभी संस्कृतियों में हमेशा से रहा है।

फिल्मो में डांस ने नृत्य कला का क्षरण किया है। मगर फिल्मों भारतीय समाज पर बालो, वस्त्रों, रहने बोलने चलने के ढंग पर गहरा प्रभाव डाला है। मगर यह भावपूर्ण नहीं है उथला है। इसकी गहराई नहीं है। ऊपर ऊपर ही है। यह हृदय के तार झंकृत नहीं करता है। अंग्रेजी पाप डांस भी भारत मे जगह बना चुका है। यह बाहर बाहर ही रहता है। मगर शास्त्रीय नृत्य में नर्तक और दर्शक दोनों डूब जाता है। नृत्य बहुत अद्भुत बात है। सब बातें छोटी हैं।

नृत्य जीवन की प्यास जैसी है जो नृत्य में उतरते हैं वह ही इसे जानते हैं। नृत्य से भक्ति, वात्सल्य नेह करुणा घटित होती है। कृष्ण नाचे, मीरा नाची, चैतन्य महाप्रभु नाचे, सूरदास नाचे, सब नाचे। तुलसी कहते हैं कि सबै नचावत राम गोसाईं। वे बहुत गहरी बात कह रहे हैं। जो नृत्य में सीधे उतरते हैं वह जो नृत्य में नहीं उतरते हैं, उन्हें भी राम नचाते हैं। पृथ्वी भी नृत्य में है। चाँद तारे, ग्रह सभी नृत्य में हैं। आज नंग प्रदर्शन को ही मनोरंजन कहा जा रहा है। नृत्य से शरीर में एक विशेष स्फूर्ति आती है। ऊर्जा आती है। वह ऊर्जा आपके पूरे तन मन हृदय को ताजा करके ही छोड़ती है। लोक नृत्य युगों से होते आ रहे तत्कालीन गौरवशाली समाज की सूचना देते हैं। जैसे-जैसे रंग ढंग बदलते हैं वैसे ही नाम रूप बदलता जाता है।

भारत की विविधता भरी संस्कृति में नृत्य साथ-साथ चलते हैं। सभी नृत्य अलग-अलग हैं। मगर नृत्य की जो नैसर्गिकता है वह अपने आप में परिपूर्ण है महारास को कृष्ण और गोपियों के बीच की लीला बताया गया है। यह भक्ति का शिखर है। रस ही आगे चलकर महारास हो जाता है। रस जो किसी के अन्तस् में घटित होता है उसे ग्रन्थों, काव्यों में गाया गया है। किसी को पढ़ने से रस मिलता है किसी को सुनने से किसी को देखने से रस मिलता है। अलौकिक आनंद आता है।

प्राचीन नृत्य की जानकारी सिंधु सभ्यता के अवशेषों में मिलती है। मोहनजोदड़ो से प्राप्त एक नर्तकी की मूर्ति रुचिर और भाव युक्त है। वैदिक काल में कलाओं के अस्तित्व की व्यापक सूचनाएं हैं। गायक वादक और नर्तक तीन प्रकार के कलाकारों का पता चलता है। पुरुष नर्तको के अतिरिक्त महिलाएं भी नृत्य में भाग लेती थी। वाचस्पति गैरोला के अनुसार वैदिक कालीन 'समन' नाटक उत्सव का ऐतिहासिक महत्व है। यह रात्रि में होता था। ऋग्वेद के 'उषश सूक्त' में उषा संबंधी एक मंत्र में नर्तकियां श्रेष्ठ बताई गई है। ऋग्वेद के प्रथम मंडल में कहा गया है कि उषा नर्तकी के समान विविध रूपों को धारण करती है। तथा गौ के समान स्तन प्रकट कर देती है। वह समस्त लोकों के लिए प्रकाश करती है। अंधकार मिटाती है। इससे सिद्ध होता है कि वैदिक समाज में नृत्य की प्रतिष्ठा थी। यजुर्वेद के 'पुरुष सूक्त' में कहा गया है शैलूष जाति के लोग व्यावसायिक दृष्टि से नाटकों का आयोजन करते थे। यहां लगता है कि वैदिक युग की नृत्य कला का व्यापक प्रसार और प्रसिद्ध थी। अथर्ववेद के पृथ्वी सूक्त के एक मंत्र में गायन और नृत्य का उल्लेख है, इस मंत्र में भूतल के मनुष्य द्वारा नृत्य गीतों के मनोहर आयोजन का उल्लेख है, कि जिस पर मनुष्य नाचते हैं। (भारतीय ललित कलाएं एवं नृत्य डॉ सुषमा देवी गुप्ता पुस्तक) उज्जैन के महाकाल मंदिर में नृत्य होने का उल्लेख मेघदूत के पूर्व भाग श्लोक संख्या 35 से 37 में है। (वही पृष्ठ 85) रघुवंश के 19 वें सर्ग में राजा अग्निवर्ण के साथ नाटक का समूह नृत्य संगीत का आनंद लेता था। बुद्ध चरित्र महाकाव्य में राज भवन में राजकुमार का मनोविनोद नर्तकियां करती थी। मालविकाग्निमित्र नाटक में कालिदास ने 'छलित' नृत्य का वर्णन किया है। नृत्य के लिए आदिकाल से मनुष्य अभिलाषित रहा है। देता है।

वाल्मीकि रामायण बालकांड में कहते हैं कुशनाथ की सौ पुत्रियों द्वारा उद्यान में बाजे बजाकर गाकर नृत्य का वृतांत है। राम लक्ष्मण भरत शत्रुघ्न के विवाह उत्सव में तथा राम के राज्याभिषेक पर बाजा बजाने एवं नाचने वाली गणिकाओं द्वारा राज भवन में नृत्य करने का उल्लेख है। राम के अश्वमेध यज्ञ में नाचने वाले नटो को निमंत्रण रामायण में है। रावण की सभी स्त्रियां नृत्य में कुशल थी। प्रागैतिहासिक काल से वर्तमान काल तक प्राप्त चित्रों में गुफाओं में नृत्य चित्र हैं। यह सजीव जैसे हैं। अजन्ता के प्रसिद्ध चित्रों में आंखें मुख्य भावपूर्ण दिखाई देती हैं। नर्तकी के कुछ अंग भारी और कटि क्षीण है। गुफाएं नृत्य चित्रों से भरी पड़ी है। महाभारत के अनुसार अर्जुन ने चित्र सेन नामक गंधर्व से संगीत में सीखा था। वही अर्जुन राजा विराट की संगीत शाला का प्रधान बना था। जबलपुर मध्य प्रदेश भेड़ाघाट पर 64 योगिनी सप्तमातृका का मन्दिर है। महाभारत के सभी 18 पर्वों में नृत्य है। दुष्यंत शकुंतला के पुत्र भरत के जन्म पर अप्सराओं ने नृत्य किया। इसी पर्व के संभव पर्व में अर्जुन के जन्म पर देवताओं ने प्रशंसा की। गंधर्व प्रजापति, भारद्वाज, विश्वामित्र सहित सप्त ऋषियों के साथ जो नक्षत्र के रूप में सूर्यास्त के बाद उदित होते हैं अत्रि भी पहुंचे। सभी अर्जुन के गुण गाकर नृत्य करते हैं। इसी पर्व में श्री कृष्ण अर्जुन के साथ रानियां के नृत्य का उल्लेख है। सभापर्व में युधिष्ठिर के साथ नर्तकों गंधर्वों किन्नरों के गाने का उल्लेख है। देवराज इंद्र की सभा में गंधर्व अप्सराओं के नृत्य की कथाएँ सर्वाधिक हैं। कुबेर की श्वेत वर्णी सभा में रंभा, मिश्रकेसी जैसी अनेक अप्सराएं हैं। महाभारत काल में सार्वजनिक मनोरंजन के लिए नृत्य से प्रतिष्ठित था। राजसूय यज्ञ के समय में नृत्य का उल्लेख है। गंधमादन पर्वत पर मयूर के नृत्य का उल्लेख वन पर्व में है। वन पर्व में ही महाभारतकाल मे गाय चराने वाले गोप तथा गोपियां भी नाचने गाने बजाने में निपुणहैं। विराट पर्व में वेश्याओं के भी नृत्य प्रदर्शन थे। नृत्य आधुनिक विश्व के मनुष्यों के तनावों को कम करने में उपयोगी हो सकता है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

## आज का राशिफल

**मेष** : अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। पठन पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा।

**वृष** : बुरी संगति से बचें। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें।

**मिथुन** : कारोबार के विस्तार का मानस बनेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मन प्रसन्न बना रहेगा।

**कर्क** : नये-नये व्यापारिक अनुबंध होंगे। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा।

**सिंह** : कार्यक्षेत्र में खुशनुमा माहौल बनेगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास होंगे।

**कन्या** : भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी।

**तुला** : योजना क्रियान्वन के लिए समय अच्छा व सकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। सुनियोजित तरीके से कार्यारम्भ करें।

**वृश्चिक** : व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

**धनु** : लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**मकर** : सैर-सपाटे में समय व्यतीत होगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। शुद्ध गोचर का लाभ। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**कुंभ** : मनोरंजन के साधनों पर धन-व्यय होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे।

**मीन** : कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। आर्थिक स्थिति सुधरेगी।

पं0 सुभाष पाण्डेय: हस्तरेखा विशेषज्ञ, मो. 8808052918

# उप विकास आयुक्त ने की जल-जीवन-हरियाली अभियान की समीक्षा

**पूर्वी चंपारण,22 मई (तरूणमित्र)।** समाहरणालय मोतिहारी स्थित डॉ राधाकृष्णन सभागार में उप विकास आयुक्त शंभू शरण पांडे की अध्यक्षता में जल-जीवन- हरियाली अभियान की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई।इस बैठक में सिविल सर्जन, निदेशक डीआरडीए,जिला कल्याण पदाधिकारी, डीपीओ योजना, शिक्षा विभाग के डीपीओ, डीपीएम जीविका, कार्यपालक अभियंता पीएचईडी एवं नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारी उपस्थित थे। समीक्षा के क्रम में उप विकास आयुक्त ने बताया कि जल-जीवन- हरियाली अभियान के कुल 11 अवयव हैं जिस पर नौ विभागों द्वारा कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी विभागीय पदाधिकारी जिनको जो लक्ष्य दिया गया है उससे संबंधित पूर्ण हुए कार्यों का जिओ टैग फोटोग्राफ्स जल-जीवन-हरियाली पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे तभी उसे पूर्ण माना जाएगा।जल-जीवन-हरियाली अभियान का पहला अवयव सार्वजनिक जल संचयन संरचनाओं को चिन्हित कर उसे अतिक्रमण मुक्त किया जाना है।

इसकी समीक्षा में पाया गया कि जिला में कुल 6946 सार्वजनिक जल संरचनाओं को चिन्हित किया गया जिसमें 1007 अतिक्रमित पाया गया था। सभी 1007 अतिक्रमित जल संरचनाओं को अतिक्रमण मुक्त कर लिया गया है।इसी प्रकार जिला में कुल 817 कुआं अतिक्रमित चिन्हित किए गए थे, उन सभी को अतिक्रमण मुक्त कर लिया गया है।



जल-जीवन-हरियाली अभियान का दूसरा अवयव सार्वजनिक जल संचयन संरचनाओं यथा तालाब, पोखर, आहार एवं पईन का जीर्णोद्धार से संबंधित है। इस अभियान अंतर्गत ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 3707 योजनाओं को ली गई थी जिसमें से 3706 योजनाओं को पूर्ण कर लिया गया है, वहीं लघु जल संसाधन विभाग के द्वारा 35 योजनाएं ली गई एवं सभी 35 योजनाएं पूर्ण कर ली गई हैं। जल-जीवन-हरियाली अभियान का तीसरा अवयव सर्वजनिक कुओं को चिन्हित कर उनका जीर्णोद्धार से संबंधित है। इस अभियान अंतर्गत नगर विकास, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण एवं पंचायती राज विभाग के माध्यम से 2772योजनाएं ली गई थी जिसमें से 64 योजनाओं को छोड़कर सभी योजनाओं को पूर्ण कर लिया गया है।

अपूर्ण सभी 64 योजनाएं पंचायती राज विभाग से संबंधित हैं। जिला पंचायत राज पदाधिकारी को उन सभी 64 योजनाओं को भी शीघ्र पूर्ण कर लेने का निर्देश डीडीसी के द्वारा दिया गया। जल-जीवन-हरियाली अभियान का चौथा अवयव सार्वजनिक कुओं, चापाकल, नलकूप के किनारे सोखता/ रिचार्ज/ अन्य जल संचयन संरचना का निर्माण किया जाना है।

# बिहार में क्षत्रिय समाज को प्रभावशाली नेतृत्व मिलने की उम्मीद –डॉ. सिंह

**मेहसी (पूर्वी चम्पारण),22 मई (तरूणमित्र)।** जन सुराज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में पूर्व सांसद उदय सिंह के चयन के उपरांत प्रदेश भर से बधाइयों का तांता लग गया है। इसी कड़ी में क्षत्रिय महासभा बिहार के प्रांतीय महासचिव एवं प्रसिद्ध शिक्षाविद् डॉ. राकेश कुमार सिंह ने पटना स्थित उनके आवास शेखपुरा हाउस पहुंचकर शिष्टाचार मुलाकात की और उन्हें हार्दिक बधाई दी। इस अवसर पर जन सुराज के संस्थापक एवं रणनीतिकार प्रशांत किशोर भी उपस्थित थे।

भेंट के पश्चात डॉ. राकेश कुमार सिंह ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उदय सिंह का राजनीतिक और सामाजिक अनुभव जन सुराज पार्टी के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि उदय बाबू पूर्णिया लोकसभा क्षेत्र से दो बार निर्दलीय सांसद रह चुके हैं। उनकी माता, स्वर्गीय माधुरी सिंह भी पूर्णिया से दो बार संसद में प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। यह परिवार स्वतंत्रता पूर्व से ही बिहार के सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक परिदृश्य में एक प्रभावशाली स्थान रखता रहा है।

डॉ. सिंह ने बताया कि जमींदारी उन्मूलन के समय इस परिवार के पास लगभग 40,000 एकड़ भूमि थी, जो उस कालखंड में किसी भी राजा या महाराजा के मुकाबले अधिक मानी जाती थी। आज भी पटना स्थित इनका निजी आवास ₹शेखपुरा हाउस₹ 22 एकड़ भूमि में फैला हुआ है, जो राजधानी पटना का सबसे बड़ा निजी आवासीय परिसर है। उदय सिंह के पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने पर डॉ. राकेश कुमार सिंह ने कहा कि यह केवल जन सुराज पार्टी की ही नहीं, बल्कि पूरे बिहार के लिए एक सकारात्मक संकेत है।

उन्होंने कहा कि दशकों से क्षत्रिय समाज एक सशक्त नेतृत्व की तलाश में था, जो अब पूरी होती दिख रही है। श्री सिंह के नेतृत्व में न केवल समाज, बल्कि पूरे बिहार में एक नई राजनीतिक चेतना का संचार होगा। इस मुलाकात के दौरान मोतिहारी के प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता मधुसूदन सिंह एवं उनके पुत्र, IGIMS पटना के चिकित्सक डॉ. अमित सिंह भी मौजूद रहे।

# डीएम ने किया पुलिस लाइन स्थित मैदान का भौतिक निरीक्षण

**मोतिहारी, 22 मई (तरूणमित्र)।** होमगार्ड बहाली के लिए पुलिस लाइन स्थित मैदान की तैयारी का भौतिक निरीक्षण आज जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल के द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान उपस्थित पुलिस उपाधीक्षक लाईन के द्वारा बताया गया कि होमगार्ड बहाली के लिए मैदान को पूरी तरह से तैयार कर लिया गया है एवं ट्रैक का भी निर्माण शीघ्र ही कर लिया जाएगा।

इस पर जिलाधिकारी के द्वारा सीसीटीवी कैमरा सहित अन्य सभी जरूरी इक्विपमेंट को तुरंत इंस्टॉल करने का निर्देश दिया गया एवं जो भी जरूरी व्यवस्था है उसे शीघ्र पूर्ण कर लेने का निर्देश दिया गया।



निरीक्षण के दौरान एडीएम आपदा, अनुमंडल पदाधिकारी सदर मोतिहारी, जिला खेल पदाधिकारी, पुलिस उपाध्यक्ष लाइन, उप नगर आयुक्त, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी, खेल प्रशिक्षक, एवं ट्रैक को तैयार करने वाली एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# भटहाँ हाई स्कूल परिसर में संकुल स्तरीय मशाल प्रतियोगिता आयोजित

**सुगौली,पू चः,22 मई (तरूणमित्र)।** प्रखंड के सीआरसी भटहाँ हाई स्कूल परिसर में संकुल स्तरीय मशाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन समाजसेवी मधुसूदन सिंह और उप प्रमुख प्रतिनिधि शम्भू साह के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर और फीता काट कर किया गया।

विद्यालय के प्रधानाध्यापक सह संकुल संचालक अभय कुमार गुप्ता ने बताया कि यह मशाल प्रतियोगिता कार्यक्रम 20 मई गुरुवार से 24 मई शनिवार तक चलेगा।कार्यक्रम के पहले दिन गुरुवार को एथलेटिक्स और साइकिलिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।शुक्रवार को




बालकों के बीच कब्बडी और फुटबाल और शनिवार को बालिका वर्ग का वॉलीबॉल और कब्बडी प्रतियोगिता का आयोजन होगा। भटहा संकुल के विद्यालय यूएमएस लक्ष्मीपुर,यूएमएस रायपट्टी, यूएमएस टिकुलिया और संकुल विद्यालय हाई स्कूल भटहा और राजकीय मध्य विद्यालय भटहा शारीरिक और नोडल शिक्षक अपने चयनित छात्र-छात्राओं के साथ उपस्थित रहे।

आयोजन में होने वाले कार्यक्रम के लिए निर्णायक मंडल में सुनील कुमार,आफताब आलम, तारकेश्वर प्रसाद और बिनोद महतो शामिल रहे।

## मशाल खेल प्रतियोगिता शुरू, 3 दिन चलेगा आयोजन

**हरसिद्धि।** हरसिद्धि बाजार में अवस्थित पीएम श्री गांधी उच्चतर माध्यमिक ( +2 )विद्यालय में गुरुवार को सीआरसी स्तर पर मशाल खेल प्रतियोगिता की शुरूआत की गई।कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन हरसिद्धि पकड़िया पंचायत समिति सदस्य दीपक कुमार,विद्यालय सदस्य शंभू अग्रवाल, शिक्षाविद विंदेश्वरी प्रसाद यादव, हीरा अग्रवाल और प्रधानाध्यापक ताहिर हुसैन ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। प्रधानाध्यापक ने बताया कि भारत सरकार के निर्देश पर इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इसमें छात्र-छात्राओं का चयन कर जिला स्तर पर भेजा जाएगा। वहां से चयनित प्रतिभागी राज्य स्तर पर जाएंगे। राज्य से चयनित होने वाले छात्र-छात्राएं राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचेंगे। प्रतियोगिता तीन दिनों तक चलेगी। इसमें दौड़, हाई जंप, ऊंची कूद , कबड्डी सहित अन्य कई खेल शामिल हैं। खेलों में प्रथम स्थान पाने वाले प्रतिभागियों की सूची जिला को भेजी जाएगी।

# प्रधानमंत्री के आगमन पर तैयारी को लेकर पूर्व विधायक ने की बैठक

**नौहट्टा,22 मई (तरूणमित्र)।** रोहतास प्रखंड क्षेत्र के स्थानीय सभागार भवन में भाजपा मंडल अध्यक्ष गुड्डू सिंह के नेतृत्व में 30 मई को भारत के प्रधान मंत्री के विक्रमगंज में आगमन पर नौहट्टा से ज्यादा झ्र ज्यादा लोगों को पहुंचने की तैयारी को लेकर गुरुवार को बैठक किया गया।

बैठक की समीक्षा चेनारी विधान सभा के पूर्व विधायक ललन पासवान ने की। बैठक का संचालन हरिशंकर मिश्रा ने किया। बैठक की शुरूआत बंदे मातरम गीत से किया गया। बैठक में बताया गया कि रोहतास जिला के विक्रमगंज में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आगमन होने वाला है। जिसके लिए नौहट्टा प्रखंड के हरेक पंचायत से ज्यादा से ज्यादा महिला/पुरुष कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। इसके लिए एनडीए के सभी कार्यकताओं को जिम्वारी दी गई। और सभी जगहों से वाहनों की व्यस्था करने पर चर्चा किया गया। पूर्व विधायक ललन पासवान ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत के प्रधान मंत्री बिहार के रोहतास जिला में आ रहे है। जिस तरह भारत के प्रधान मंत्री की दीर्घ सोच, और उनके कार्य शैली पर पूरा भारत गर्व कर रहा है। आज आपरेशन सिंदूर के तहत भारत के दो जाबाज बेटियों ने पाकिस्तान में घुस कर आतंकियों के नव ठिकानों को नष्तो नाबूत किया है।

आज हम सभी को दिखाना होगा कि हम सभी भारतीय एक है। और प्रधान मंत्री के साथ है। बैठक में कार्यक्रम में चलने की तैयारी और जिम्मेवारियों पर वार्ता किया गया। मौके पर जेडीयू प्रखंड अध्यक्ष दीपक चौबे, अरुण चौबे, विजय सिंह, राजेश्वर प्रसाद, तरुण पांडे, श्री राम सिंह, बबलू पाठक, हरिशंकर मिश्रा, रामनाथ सिंह, प्रमोद चंद्रवंशी ,नंदमोहन साह, दिवाकर गुप्ता, लल्लू सिंह, अली हसन विशाल सिंह, सहित कई लोग मौजूद थे।

# महिला संवाद में डेढ़ लाख से अधिक महिलाओं की हो चुकी है भागीदारी

**मांझागढ़, 22 मई (तरूणमित्र)।** जिल में वृहस्पतिवार को गोपालगंज जिले में महिला संवाद कार्यक्रम के 34 वें दिन चौदह प्रखंडो में सभी चयनित अठाईस ग्राम संगठनों में यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संचालित हुआ . दिनांक 18.04.2025 द्वितीय पाली से दिनांक 21.05.2025 द्वितीय पाली तक प्रत्येक गांव में महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया। जिले में अब तक 938 ग्राम संगठनों में महिला संवाद कार्यक्रम उत्साहपूर्ण माहौल में आयोजित किया जा चुका है. इस महिला संवाद कार्यक्रम में अब तक 151425 महिलाएं भाग ले चुकी हैं . जिसमे लगभग 135826 जीविका से जुड़ी एवं 15599 गैर जीविका दीदियां उत्साह पूर्वक भाग ले चुकी हैं. इस कार्यक्रम में जीविका दीदियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं की




समस्याएं, आकांक्षाएं और सुझावों को समझना और उन्हें नीति निर्माण प्रक्रिया से जोड़ना है. संवाद में महिलाओं ने कई अहम मांगों को सामने रखा, जिनमें वृद्धा, विधवा पेंशन और बालिका योजनाओं में राशि वृद्धि/महिलाओं ने वृद्धा और विधवा पेंशन को 2,500 रुपए करने, मुख्यमंत्री बालिका साइकिल योजना की राशि 5,000 रूपए और बालिका पोशाक योजना की राशि 2,500 रूपए करने की मांग की गई . प्रधानमंत्री आवास योजना की सहायता राशि ?3,50,000 और लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान की राशि को 25,000 रुपए तक बढ़ाने की मांग की गई।

प्रत्येक पंचायत में प्राथमिक स्वास्थ्य क्लिनिक और एक खेल का मैदान स्थापित करने की मांग रखी गई. नल-जल मिशन की अपूर्ण संसाधनों का जीर्णोद्धार, सोलर लाइट की स्थापना और हर परिवार को प्रति माह कम से कम 200 यूनिट मुफ्त बिजली देने की आवश्यकता पर जोर दिया गया. राशन कार्ड और मनरेगा में जिनके पास राशन कार्ड नहीं है उनके लिए कार्ड बनवाने और मनरेगा मजदूरी को 500 रुपये प्रतिदिन तक बढ़ाने की मांग की गई. महिलाओं ने गोपालगंज में एक सरकारी विश्वविद्यालय की स्थापना की मांग भी जोर-शोर से उठाई. यह कार्यक्रम महिलाओं की आकांक्षाओं की अभिव्यक्ति का माध्यम बन गया है. जहां वे मंच से अपनी आकांक्षाओं को साझा कर रही हैं. नल-जल और सड़कों की मरम्मत, सामुदायिक भवन, सामुदायिक पुस्तकालय, विद्यालय की उपलब्धता, शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं, रोजगार के स्थनीय अवसर, वृद्धा एवं विकलांग पेंशन में बढ़ोतरी आदि से संबंधित मुद्दे पर बात कर रही हैं. इन कार्यक्रमों में महिलाओं से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी जा रही है जिसे लेकर ग्रामीण महिलाओं में उत्सुकता देखने को मिल रही है।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मजदूर की मौत

## एनएच-27 पर राजापुर मठिया चौक पर हुई घटना-परिवार पर टूटा दुखो का पहाड़

**पूर्वी चंपारण, 22 मई (तरूणमित्र)।** जिले में कोटवा थाना क्षेत्र के एनएच 27 राजापुर मठिया चौक के समीप अज्ञात वाहन के चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत घटना स्थल पर ही हो गई। मृतक की पहचान जसौली पंचायत के राजापुर मठिया गांव निवासी शंकर साह का 24 वर्षीय पुत्र बबलू कुमार के रूप में हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार बबलू सुबह में एनएच 27 पर अपने साइड पर मजदूरी करने जा रहे थे, तभी पिपरा कोठी के तरफ से तेज रफ्तार से आ रही किसी अज्ञात वाहन ने उनको पीछे से जोरदार ठोकर मार दिया। ठोकर लगने से वह गंभीर स्थिति में बेहोशी के हालत में वही गिर गए।

उन्हें समुचित इलाज के लिए लोगो द्वारा स्थानीय अस्पताल में ले जाया जाया गया पर रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। परिजनों द्वारा शव को एन एच 27 पर रखकर कुछ देर के लिए सड़क जाम कर दिया गया।सूचना पर थानाध्यक्ष राजरूप राय और डॉयल 112 के अधिकारी लक्ष्मण कुमार,चालक रूबास यादव द्वारा लोगों को समझा बुझाकर जाम हटवाया और यातायात को सुचारू कराया। ग्रामीणों ने बताया कि बबलू अविवाहित था और मजदूरी कर के परिवार का भरण पोषण करता था। घटना के बाद उसके परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। माता पिता का रो रो कर बुरा हाल है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजरूप राय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी सदर अस्पताल भेज दिया गया है।वही पुलिस अग्रतर कारवाई में जुटी है।

# डीएम ने पीएम के कार्यक्रम की तैयारी को ले की समीक्षा बैठक,स्थल का किया निरीक्षण

**सासाराम,22 मई (तरूणमित्र)।** जिलाधिकारी रोहतास उदिता सिंह के अध्यक्षता में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 30 मई को रोहतास जिला अंतर्गत बिक्रमगंज प्रखंड के मुरैना पंचायत दुगार्डीह गांव के निकट में प्रस्तावित कार्यक्रम के तैयारी को लेकर बैठक आयोजन की गई।

उक्त बैठक में अधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारी,कर्मी की आवासन भोजन व्यवस्था हेतु स्थान चिन्हित ,कार्यक्रम स्थल पर बैरिकेडिंग एवं सुरक्षा व्यवस्था,मंच निर्माण,हेलीपैड निर्माण,सोशल मीडिया निगरानी हेतु टीम का गठन ,सीसीटीवी कैमरा,विधि व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल पर मेडिकल सुविधा, सड़क मरम्मत, वाहन प्रबंधन,साफ सफाई , एंट्री पास,गर्मी से बचाव हेतु इंतजाम इत्यादि विषय पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा जरूरी विषयों पर समीक्षा कि गई। सभी संबंधित कोषांग के पदाधिकारियों के आवंटित कार्य की प्रगति की समीक्षा कि गई । उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त विजय कुमार पांडेय,अपर समाहर्ता सुबोध



कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी बिक्रमगंज एवं डेहरी, बंदोबस्त पदाधिकारी,जिला परिवहन पदाधिकारी राम बाबू, जिला पंचायती राज पदाधिकारी इत्यादि मौजूद थे।

वही गुरुवार को जिलाधिकारी उदिता सिंह वो रोहतास पुलिस कप्तान रौशन कुमार समेत जिले के कई पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने बिक्रमगंज में प्रस्तावित प्रधानमंत्री की संभावित यात्रा को लेकर निरीक्षण की गई तथा आवश्यक दिशा निर्देश जारी किया।

# जिले के 10 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को मिला राज्य स्तरीय एनक्यूएएस प्रमाण-पत्र

- राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक के तहत हुआ प्रमाणित
- अब नेशनल प्रमाणीकरण को लेकर होगी तैयारी

**मोतिहारी, 22 मई (तरूणमित्र)।** जिले के लिए खुशखबरी है की पूर्वी चम्पारण के 10 आयुष्मान आरोग्य मंदिर (हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर) पर मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराए जाने को लेकर राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक के तहत राज्यस्तरीय प्रमाणीकरण किया गया है।इसके चयन हेतु राज्य स्वास्थ्य समिति की ओर से गठित कमिटी के सदस्यों के द्वारा स्वास्थ्य संस्थान का आंतरिक मूल्यांकन किया गया था, जिसमें कुल 34

आयुष्मान आरोग्य मंदिर का मूल्यांकन हुआ जिसमें 70 प्रतिशत से अधिक अंक लानेवाले जिले में बड़ी संख्या में 10 स्वास्थ्य केंद्र चयनित हुए, इस सम्बन्ध में जिला स्वास्थ्य समिति के डीपीसी भारत भूषण ने जानकारी देते हुए कहा की अभी अन्य 24 स्वास्थ्य संस्थान का रिपोर्ट आना बाकी है जिसमें भी




अधिकांश सफल होगा।

उन्होंने बताया की स्वास्थ्य सेवाओं के गुणवत्ता में सुधार के लिए राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक के तहत प्रमाणीकरण किया जा रहा है।

इसमें स्वास्थ्यकर्मियों का बेहतर योगदान है। डीपीसी भारत भूषण ने कहा की राज्य स्तरीय सर्टिफिकेट होने के बाद अब जल्द ही नेशनल सर्टिफिकेट के लिए सक्षम पोर्टल के माध्यम से अप्लाई किया जाएगा, जिसके बाद केंद्रीय टीम की ओर से असेसमेंट किए जाने के बाद निर्धारित स्कोर मिलने पर नेशनल सर्टिफिकेट मिलेगा। इसके बाद प्रतिवर्ष इस हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर सरकार द्वारा राशि दी जाएगी जिसे एचडब्ल्यूसी के व्यवस्था सुधार में खर्च किया जाएगा।

**इन आयुष्मान आरोग्य मंदिर का हुआ मूल्यांकनः**

पिरामल के डीसी राजेश गिरी ने बताया कि राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण-पत्र प्रदान करने के लिए बखरी, फुलवरिया, लखनी, सरैया, धनहर दिहुली, बड़कागाँव, परसौनी वाजिद, मछड़गँवा, साऊथ नोनिया, कैथवालिया, कुल 10 का चयन हुआ। उन्होंने बताया की विशेषज्ञों की टीम द्वारा आयुष्मान आरोग्य मंदिर की सेवाओं और संतुष्टि स्तर का विभिन्न मानकों पर मूल्यांकन किया जाता है।

इनमें उपलब्ध सेवाएँ, मरीजों के अधिकार, इनपुट, सपोर्ट सर्विसेस, क्लिनिकल सर्विसेस, इन्फेक्शन कंट्रोल, गुणवत्ता प्रबंधन और आउटकम जैसे पैरामीटर शामिल हैं। प्रमाणीकरण के लिए कम से कम 70 प्रतिशत अंक अनिवार्य होता है। इन कड़े मानकों पर खरा उतरने वाले आयुष्मान आरोग्य मंदिर को ही गुणवत्ता प्रमाण-पत्र जारी किये जाते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### बिजली के खंभे से करंट लगने से युवक की मौत

**हरसिद्धि,22 मई (तरूणमित्र)।** मुरारपुर पंचायत के पकड़ी चौक के पास गुरुवार सुबह करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान जैल मुरारपुर वार्ड नंबर 11 निवासी स्वर्गीय भागीरथ महतो के पुत्र अनिल महतो के रूप में हुई है। वह साइकिल में हवा भरने दुकान पर गया था। वहां पहले से गिरी बिजली की तार के संपर्क में खंभा था। जैसे ही उसने खंभे को छुआ, करंट लग गया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया। भीड़ ने पीड़ित परिवार को मुआवजा और न्याय की मांग की। हरसिद्धि अंचलाधिकारी अरविंद कुमार और थानाध्यक्ष सर्वेंद्र कुमार सिन्हा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। भीड़ को शांत करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। मुरारपुर पंचायत के सरपंच पुत्र संजय कुमार यादव ने भी उग्र भीड़ को समझाकर शांत करने में अपनी हम भूमिका निभाई। अंचलाधिकारी अरविंद कुमार ने बताया कि सरकार की योजनाओं के तहत पीड़ित परिवार को जल्द मुआवजा दिया जाएगा। अभी तक परिवार की ओर से कोई आवेदन नहीं मिला है। थानाध्यक्ष सर्वेंद्र कुमार सिन्हा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल मोतिहारी भेजा गया है।

### जमियत उलेमा ए बिहार ने छपरा में शहीद परिवार से मिले

**पत्रकार नगर ,खगड़िया,22 मई (तरूणमित्र)।** पहलगाम घटना के बाद हुए आंतकी हमले में शहीद हुए छपरा के नारायणपुर गांव निवासी मां भारती के सपूत इन्स्पेक्टर इम्तियाज एवं मोवलीचिंग में मारे गए करीमचक निवासी जाकिर कुरैशी के परिवार को जमियत उलेमा ए बिहार के महासचिव हजरत मोहम्मद अब्बास कासमी साहब अपनी पूरी टीम के साथ उनके घर पहुंच कर सांत्वना दी ।वहीं परिजन को इक्कीस इक्कीस हजार रुपया नगद दिए । जेएनए के अनुसार जमीयत उलेमा ए हिन्द के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरशद मदनी के जिन्दाबाद के नारों के साथ ग्रामीणों द्वारा जमीयत उलेमा बिहार के कार्यों की सराहना करते हुए सहराहनीय कदम बताया ।मौके पर मोहम्मद अरशद मतीन सहित जमियत उलेमा के प्रतिनिधि मौजूद थे । इधर जमियत उलेमा ए बिहार के महासचिव हजरत मोहम्मद अब्बास कासमी ने खगड़िया में जानकारी दी ।

### आर्थिक तंगी के चलते युवक ने की आत्महत्या

**पूर्वी चंपारण,22 मई (तरूणमित्र)।।** जिले में हरसिद्धि थाना क्षेत्र के यादवपुर पंचायत के दुदही मल्लाही टोला गांव वार्ड नम्बर 16 में एक 35 वर्षीय युवक ने आर्थिक तंगी के कारण गला में फंदा लगाकर आत्म हत्या कर ली। मृतक नंदकिशोर सहनी दुदही मलाही टोला गांव निवासी सुदामा सहनी का पुत्र था। घटना की सूचना पर मौके पर पुलिस बल के साथ पहुंचे थानाध्यक्ष सर्वेंद्र कुमार सिन्हा ने शव को अभिरक्षा मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों से पूछताछ के दौरान पता चला कि मृतक समूह से कर्ज अधिक ले लिया था ।वह कर्ज देने में सक्षम नहीं था ।इसलिए आर्थिक तंगी के कारण मौत को गले लगाना वाजिब समझा। थानाध्यक्ष सर्वेंद्र कुमार सिन्हा ने घटना को लेकर यूडी केश दर्ज किया जाएगा।अनुसंघान जारी है। मृतक अपने पिता सुदामा सहनी से अलग रह रहा था । मृतक के दो बेटी और एक बेटा है ।बड़ी बेटी 13 वर्ष की है। एक बेटी 10 वर्ष और एक पांच वर्ष का बेटा है। माता, पिता, पत्नी, बेटी का रो रो कर बुरा हाल हो गया

### सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए दिए गए टिके

**काराकाट( रोहतास),22 मई (तरूणमित्र)।** काराकाट प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोरारी के देखरेख में आज सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए टीकाकरण किया गया । प्रखंड क्षेत्र काराकाट के अंतर्गत सर्वाइकल कैंसर को लेकर के जयश्री कस्तूरबा विद्यालय में चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजीव कुमार व स्वास्थ्य प्रबंधक कौशलेंद्र शर्मा व यूनिसेफ बीएमसी प्रमित कुमार सिंह के द्वारा सामूहिक रूप से फीता काटकर इसका उद्घाटन किया गया उद्घाटन ,जिसमें सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिये 9 वर्ष से 14 वर्ष के लड़कियों को 73 लड़कियों कोसर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए टिका दिया गया ।सभी बच्चों को सर्वाइकल कैंसर का सर्टिफिकेट भी दिया गया ।मौके पर उपस्थित कस्तूरबा गांधी के प्रिंसिपल गुड़िया पांडे, विकास कुमार ,डाटा ऑपरेटर नागेश्वर तिवारी एएनएम सुनीता सिंह पिंकी कुमारी शोभा कुमारी अन्य लोग मौजूद रहे।

### हीरो शोरूम में हंगामा : दो बदतमीज गिरफ्तार, मैनेजर का मोबाइल भी बरामद

**दिनारा,22 मई (तरूणमित्र)।** स्थानीय स्थित एक हीरो मोटरसाइकिल शोरूम में उस समय अफरातफरी मच गई जब दो युवकों ने शोरूम की मैनेजर के साथ गाली-गलौज और बदतमीजी की। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है थानाध्यक्ष विनय कुमार ने बताया कि शोरूम की मैनेजर गोल्डी कुमारी द्वारा दी गई लिखित शिकायत के आधार पर कांड संख्या 223/25 दर्ज की गई। शिकायत में कहा गया है कि दो व्यक्ति अचानक शोरूम में घुस आए और अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए उनके साथ बदसलूकी करने लगे। इतना ही नहीं, उन्होंने मैनेजर का मोबाइल फोन भी छीन लिया और मौके से फरार हो गए। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए बेलवैयां गांव के निवासी महेश कुमार और गोल्टी कुमार, दोनों पिता अशोक खरवार को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही, छीन लिया गया मोबाइल फोन भी बरामद कर लिया गया है।

# प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर राजनीतिक और प्रशासनिक अभियान हुआ तेज

**बिक्रमगंज(रोहतास), 22 मई (तरूणमित्र)।** प्रधानमंत्री के आगमन से लेकर एक ओर जहां नगर में राग रोगन किया जा रहा है ,तो वहीं स्थानीय नेताओं की परेड भी शुरू है। बिक्रमगंज नगर परिषद के द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर जहां शहर में साफ सफाई जोरों पर है तो वहीं बिक्रमगंज शहर में रंगाई-पुताई तेजी से किया जा रहा है। नगर के अंदर की सड़के चौड़ी करने के साथ ही सभा स्थल तक मंच एवं पंडाल निर्माण को लेकर दिन रात एक किया जा रहा है।



चार दशक बाद आ रहे प्रधानमंत्री के आगमन की तिथि जैसे-जैसे नजदीक होते जा रही है वैसे-वैसे प्रशासनिक महकमा एवं राजनीतिक हस्तियों द्वारा शक्ति प्रदर्शन दिखाने का भरपूर प्रयास किया जा रहा है कि इस क्षेत्र में जैसे व्यवस्था में कहीं कोई कमी नहीं है या यह कहे कि उसे इस रूप में तैयार करने का प्रयास किया जा रहा है ताकि बाहर से जितनी भी हस्तियां आए तो वह बिक्रमगंज क्षेत्र की चकाचक को देखकर खुश हो जाए। यहां के प्रशासन को धन्यवाद दे और यह कहे कि यहां की व्यवस्था बहुत अच्छी है। परंतु यहां के लोगो के मन में जो धारणा है, वह यह है कि यह व्यवस्था हमेशा के लिए कायम रहता तो वास्तव में बिक्रमगंज के विकास की बात सार्थक होती। परंतु 'चार दिन की चांदनी फिर अंधेरी रात' वाली कहावत लोगों को समझ में आ रहा है। बिक्रमगंज के जाम की व्यवस्था हो या साफ-सफाई की बात हो जितनी तत्परता फिलहाल देखी जा रही है यह स्थाई नहीं दिख पाती। राजनीतिक गलियारे में तो शक्ति प्रदर्शन का मानो जैसे प्रतिस्पर्धा शुरू हो गई हो। आसन्न विधानसभा चुनाव को देखते हुए जिसकी जितनी औकात,वे दिखा रहे हैं अपनी अपनी बिसात। चाहे बात पोस्टर बाजी की हो या गाड़ियों की काफीला की, अपने अपने स्तर से यह दिखाने का भरपूर प्रयास किया जा रहा है कि पार्टी का मैं बड़ा सिपाही हूं।

बात यहीं तक नहीं रुकती, बल्कि गांव देहातों में जहां तक ऐसे लोगों का नेटवर्क होता है वहां तक यह दिखाने का प्रयास किया जा रहा है कि पार्टी में मेरी कितनी पहचान है? मतलब साफ है कि यहां सुप्रीमो आ रहे हैं इसलिए उनका ध्यान ऐसे राजनीतिक दावेदारों पर किसी तरह चला जाए और विधानसभा चुनाव में इनके उम्मीदवारी के नाम पर मुहर लग जाए। अब यहां सवाल यह है कि इन सब के बीच आम जनता को इससे क्या मिलने वाला है? तो बता दे कि यहां जनता में भी इस तरह से भ्रम की स्थिति फैली या फैलाई जा रही है कि प्रधानमंत्री के द्वारा करोड़ों की सौगात दी जाएगी? परंतु अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि बिक्रमगंज क्षेत्र के लिए, या रोहतास जिले में कौन - सा सौगात मिलने वाला है? क्योंकि स्पष्ट है सर्वाधिक भीड़ तो बिक्रमगंज क्षेत्र एवं आसपास से ही आने वाले हैं। जनता तो बेचारी प्रधानमंत्री के नाम पर भी चली जाती है।

लेकिन अपने क्षेत्र विशेष के प्रति सौगातें न मिलने पर प्रधानमंत्री के जाने के बाद भी चर्चा शुरू होगी। प्रधानमंत्री से आशा और अपेक्षा तो बहुत है। हालांकि क्षेत्र में सर्वाधिक चर्चा का विषय है जिले में बंद पड़े रोहतास उद्योग समूह अलावा कई अन्य उद्योग तो बिक्रमगंज में जाम की समस्या एवं ट्रेन की ठहराव जिसकी मांग शुरू से ही की जा रही है। कि बिक्रमगंज में आरा से रांची को जाने वाली ट्रेन का बिक्रमगंज में ठहराव शुरू हो।

## प्रधानमंत्री ने अमृत भारत योजना के तहत थावे रेलवे जंक्शन के नवीनीकरण का किया उद्घाटन

**गोपालगंज, 22 मई (तरूणमित्र)।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को राजस्थान के पलाना से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से 103 पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों सहित अन्य परियोजनाओं का उद्घाटन किया. यह उद्घाटन समारोह अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत किया गया. यह कार्यक्रम वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से संपन्न हुआ. पूर्वोत्तर रेलवे के थावे जंक्शन पर एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिसमें भारत सरकार के गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय के साथ भाजपा के प्रदेश महामंत्री मिथिलेश तिवारी, भाजपा के जिलाध्यक्ष संदीप कुमार गिरि, गोपालगंज के जिलाधिकारी प्रशांत कुमार सीएच, पुलिस अधीक्षक अवधेश दिक्षीत भी उपस्थित थे।



जिन 103 अमृत भारत रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन किया गया है उनमें सबसे ज्यादा 19 उत्तर प्रदेश में हैं. दूसरे नंबर पर गुजरात है जहां 18 स्टेशन हैं. महाराष्ट्र में 15, तमिलनाडु में 9, राजस्थान में 8, मध्य प्रदेश में 6, कर्नाटक और छत्तीसगढ़ में 5-5, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल और झारखंड में 3-3, केरल और बिहार में 2-2 तथा आंध्र प्रदेश, पुदुच्चेरी, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और असम में 1-1 अमृत भारत स्टेशनों का उद्घाटन किया गया है ।

इसमें गोपालगंज जिले का थावे रेलवे स्टेशन शामिल है. भागलपुर के पीरपैंती रेलवे स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 17 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से नए और आकर्षक स्वरूप में विकसित किया गया है. इसके अलावा बिहार के गोपालगंज जिले स्थित थावे जंक्शन को नई पहचान मिलने जा रही है.'अमृत भारत स्टेशन योजना' के तहत स्टेशन के पहले चरण का नवीनीकरण का कार्य पूरा कर लिया गया है. प्रधानमंत्री ने वृहस्पतिवार को थावे जंक्शन के नवीनीकृत भवन सहित कई अन्य सुविधाओं का वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से उद्घाटन किया।

## नरईनिया में हुई 23 लाख की चोरी का पुलिस ने किया खुलासा




**गोपालगंज, 22 मई (तरूणमित्र)।** मीरगंज थाना क्षेत्र के नरईनिया में 23 लाख रुपये की संपत्ति चोरी के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर बड़ी सफलता हासिल की है. कांड संख्या 222/25 के तहत दर्ज मामले की जांच में पुलिस ने कुल छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

इसमें दो आभूषण व्यवसायी शामिल हैं. गिरफ्तार किए गए आरोपियों के पास से चोरी की गयी सामान भी बरामद कर लिया गया है. बरामद सामान में एक सोने जैसा नेकलेस, नौ पीस चांदी जैसी पायल, छह चांदी जैसी बिछिया, एक चांदी जैसी अंगूठी, तीन मोबाइल फोन और 35,000 रुपये नगद शामिल है। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए सभी आरोपी मीरगंज क्षेत्र के निवासी हैं. इनकी पहचान आदित्य कुमार उर्फ मिशिर, अंकित कुमार, रोहित कुमार, अनुज कुमार, सोनू कुमार और रंजन कुमार के रूप में की गई है. घटना को अंजाम देने के बाद अप्राथमिकी अभियुक्त गिरफ्तारी के डर से राज्य से बाहर भागे हुए थे।

हथुआ एसडीपीओ आंनद मोहन गुप्ता ने प्रेस वार्ता कर कांड का खुलासा करते हुए कहा कि पुलिस अब गिरफ्तार सभी आरोपियों के आपराधिक इतिहास की भी जांच कर रही है।

## आयोजित दो दिवसीय शेरशाह महोत्सव का हुआ समापन

**सासाराम, 22 मई (तरूणमित्र)।** जिला मुख्यालय सासाराम के फजलगंज स्थित मल्टीपरपस हॉल में बिहार सरकार अंतर्गत पर्यटन विभाग एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय शेरशाह महोत्सव का गुरुवार को समापन किया गया। महोत्सव के पहले दिन कई नामचीन कलाकारों के साथ-साथ स्थानीय कलाकारों ने अपना जलवा दिखाया, इसके बाद दूसरे दिन भी कई रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

बिहार सरकार के पर्यटन मंत्री राजू कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर महोत्सव के पहले दिन विधिवत उद्घाटन किया। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए मंत्री राजू सिंह ने कहा कि मध्यकालीन इतिहास में शेरशाह सूरी के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने एक छोटे परिवार से निकलकर दिल्ली सल्तनत की गद्दी पर राज किया तथा समाज सुधार के लिए उनके द्वारा किए गए कार्य अतुलनीय है। भूमि मापी, राजस्व प्रणाली, सड़क निर्माण सहित अनेक कार्य आज भी प्रासंगिक है।कार्यक्रम के शुरूआत में जिलाधिकारी उदिता सिंह ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पर्यटन मंत्री राजू कुमार सिंह को पुष्प गुच्छ, मोमेंटो एवं अंगवस्त्र से स्वागत किया। इसके बाद कार्यक्रम में उपस्थित विभिन्न कलाकारों को भी शॉल भेंट कर उनका अभिनंदन किया गया।

हालांकि कार्यक्रम के पहले दिन मनीषा श्रीवास्तव, मोनी झा, पंडित उदय कुमार मलिक, नवल किशोर सिंह सहित रंग म्यूजिकल सेवा संस्थान की प्रस्तुति ने लोगों का खूब मनोरंजन किया और लोगों ने जमकर तालियां भी बजाई, लेकिन इंडियन आईडल कंटेस्टेंट रितिका राज ने जब माइक थामा तो लोगों का उत्साह सर चढ़कर बोलने लगा और कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने खड़े होकर उनकी हौसला-अफजाई की।

उन्होंने एक के बाद एक अपने कई गीतों से लोगों को खूब झुमाया, जिससे श्रोता तालियां बजाने को मजबूर हो गये। वहीं महोत्सव के दूसरे दिन कलाकार निशा पाराशर, दीपशिखा, रागिनी भारती, विनोद गवार सहित बॉलीवुड सिंगर अल्तमश फरीदी ने भी अपने कार्यक्रम प्रस्तुत किये तथा कई सांस्कृतिक नृत्य एवं मुशायरा आदि का आयोजन किया गया।



दरअसल शेरशाह महोत्सव रोहतास जिले की समृद्ध विरासत का एक उत्सव है, जिसे बीते कई वर्षों से बिहार सरकार के पर्यटन विभाग एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में मनाया जाता है। रोहतास जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने एवं शेरशाह सूरी से जुड़े ऐतिहासिक धरोहरों के प्रति पर्यटकों को आकर्षित करना हीं इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य है। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में लेजर लाइट एवं इलेक्ट्रॉनिक यंत्रों के माध्यम से रंग बिरंगी रौशनी का बेहतर तालमेल दिखाई दिया तथा स्क्रीन पर शेरशाह सूरी के जुड़े ऐतिहासिक स्थल लोगों को खूब आकर्षित कर रहे थे।

## संक्षिप्त समाचार

### इंडिया गठबंधन आयोजित करेगा संवाद कार्यक्रम

**गोपालगंज, 22 मई (तरूणमित्र)।** इंडिया गठबंधन का संवाद कार्यक्रम 28 मई को आयोजित होगा. संवाद कार्यक्रम में गठबंधन में शामिल सभी छह दलों के प्रखंडस्तरीय प्रतिनिधि शामिल होंगे। उक्त निर्णय वृहस्पतिवार को इंडिया गठबंधन के संयोजक दिलीप कुमार सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न समन्वय समिति की बैठक में लिया गया। बैठक में उपस्थित इंडिया गठबंधन के नेताओं ने गठबंधन की एकजुटता पर बल देते हुए कहा कि जिला स्तर पर समन्वय समिति के गठन के बाद प्रखंड एवं बूथस्तर पर भी जल्दी ही समन्वय समिति का गठन कर इंडिया गठबंधन पूरी मजबूती के साथ चुनाव मैदान में उतरेगा। इन नेताओं ने कहा कि गठबंधन के साथी गांवों के प्रत्येक घरों तक पहुंच कर वर्तमान बिहार सरकार की विफलता से लोगों को अवगत कराएंगे तथा गठबंधन के पक्ष में लोगों को एकजुट करेंगे. इन नेताओं ने कहा कि राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार, महंगाई तथा बेरोजगारी के खिलाफ इंडिया गठबंधन निर्णायक लड़ाई लड़ेगा। इधर आगामी 28 मई को शहर के पार्टी जोन मैरेज हॉल में होने वाले संवाद कार्यक्रम की तैयारियां शुरू हो गई हैं। बैठक में राजद के प्रधान महासचिव इम्तेयाज अली भुट्टो, कांग्रेस के जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश गर्ग तथा दिनेश कुमार मांझी, भाकपा माले के जिला सचिव इंद्रजीत चौरासिया तथा सुभाष सिंह, वीआईपी के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार साहनी तथा विनोद साहनी, सीपीआई के जिला सचिव गणेश प्रसाद सिंह तथा मैनेजर सिंह एवं सी.पी.एम. के जिला सचिव सचितानंद ठाकुर तथा मुन्ना प्रसाद मौजूद थे।

### व्यवसायी के परिजन से मिले राजद विधायक रणविजय साहू

**दलसिंहसराय (समस्तीपुर), 22 मई (तरूणमित्र)।** सरदारगंज में केवटा रोड स्थित आनंद किराना स्टोर में रविवार देर शाम लुटेरों ने दो सगे भाइयों को गोली मार दी थी। उक्त सूचना प्राप्त होने पर राजद प्रदेश प्रधान महासचिव सह मोरवा विधायक रणविजय साहू ने अपने पार्टी कार्यकर्ताओ के साथ घायल पीड़ित परिजनों से मिले। वहीं विधायक श्री साहू ने न्याय दिलाने की बात कही तथा हर संभव मदद का भरोसा दिए और सदन शुरूआत होते ही यह आवाज को सदन में उठाने की बात कही। ज्ञात हो कि गोली कांड के दौरान बदमाशों ने दोनों भाइयों अभिषेक आंनद (48) और अनुराग आनंद (45) को गोली मार दी। अभिषेक की छाती में तो अनुराग की जांघ में गोली लगी थी। विधायक के साथ व्यवसायिक संघ के सुधीर चौधरी, संतोष सुरेका, मदन साह, राजद प्रदेश सचिव नन्द किशोर महतो, प्रखंड अध्यक्ष मो० जाबिर हुसैन, उजियारपुर प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद राय, चंदन प्रसाद, सुरेंद्र राय, पुंजय कुमार, उमेश राम प्रकाश, विजेंद्र राम, दीपक कुमार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### मांझागढ़ प्रखंड के सभी स्कूलों में शुरू होगी खेल गतिविधि

**मांझागढ़, 22 मई (तरूणमित्र)।** मांझागढ़ प्रखंड में बुधवार से संकुल स्तर पर मशाल कार्यक्रम के अंतर्गत खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया . जिसको लेकर प्रखंड के सभी 20 संकुलों में पहले से तैयारी पूरी कर ली गई थी. इस खेल प्रतियोगिता में विद्यालय स्तर पर चयनित हुए खिलाड़ियों को शामिल किया गया जिन्होंने संकुल स्तर पर आयोजित मशाल खेल प्रतियोगिता में भाग लिया. इन खिलाड़ियों के बीच लम्बी कूद,60 मीटर एवं 100 मीटर की दौड़,400 मीटर एवं 800 मीटर दौड़, साइकिलिंग, वॉलीबॉल, क्रिकेट, फुटबॉल आदि गतिविधि कराई गई. संकुल स्तर पर खेल गतिविधि का आयोजन 22 मई से 24 मई तक किया जाएगा. उसके बाद संकुल स्तर पर चयनित खिलाड़ियों को जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में शामिल किया जाएगा.

### अंग्रेजी शराब संग दो कारोबारी गिरफ्तार

**कोचस (रोहतास), 22 मई (तरूणमित्र)।** स्थानीय पुलिस ने बीती रात थाना क्षेत्र से गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी करते हुए 65 पॉइंट 960 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ दो शराब कारोबारी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार कारोबारी बगेदन राम पिता श्री राम राम ग्राम बलथरी थाना कोचस जिला रोहतास के बताए गए है जबकि विनय कुमार पासवान पिता यमुना पासवान ग्राम रामपुर थाना कोचस जिला रोहतास के बताए गए हैं। इसकी जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष रंजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि पुलिस अगस्त पर थी तभी सूचना प्राप्त हुई की शराब कारोबारी भारी मात्रा में शराब लेकर डिलीवर करने के लिए जा रहे हैं, तभी पुलिस ने टीम के साथ थाना क्षेत्र में छापेमारी की जहां लगभग 65 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ दो कारोबारी को गिरफ्तार किया गया है, वही पुलिस ने शराब को जब्द कर दोनों कारोबारी को हिरासत मे ले थाने ला विशेष पूछताछ कर कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद अग्रतार कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है।

### बच्चों के खेल को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**दिनारा, 22 मई (तरूणमित्र)।** नटवार थाना क्षेत्र के अंतर्गत सेमरा ओपी के शिवपुर टोला में बच्चों के खेलने को लेकर उत्पन्न विवाद ने बुधवार को तूल पकड़ लिया, जिसके बाद दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों के बयान के आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली है और मामले की जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रथम पक्ष की ओर से शिवपुर टोला निवासी पप्पू चौधरी की पत्नी आरती देवी ने लिखित आवेदन दिया है, जिसमें उन्होंने गांव के ही नारद चौधरी सहित 11 लोगों पर मारपीट और गाली-गलौज का आरोप लगाया है। वहीं दूसरी ओर, नारद चौधरी की ओर से भी पलटवार करते हुए आरती देवी सहित चार लोगों के विरुद्ध मारपीट की प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस ने दोनों पक्षों की प्राथमिकी दर्ज कर ली है और मामले की गहराई से जांच की जा रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### राष्ट्रीय स्तर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को मिला तीसरा स्थान

**दावथ (रोहतास), 22 मई (तरूणमित्र)।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दावथ को नकास (ठदअर)स के द्वारा मूल्यांकन के पश्चात इसे राष्ट्रीय स्तर पर तीसरे स्थान पर रखा गया है। इसकी जानकारी देते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी राना प्रताप ने बतलाया कि विभिन्न मापदंडों पर खरा उतरने के बाद स्वास्थ्य केंद्र को राष्ट्रीय स्तर पर नकाश के द्वारा तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है जो विभिन्न प्रबंधन एवं गुणवत्ता के आधार पर जांचोंपरांत दिया गया है। इस प्रकार देश में तीसरे स्थान को पाकर एक और जहां इन्होंने सभी स्वास्थ्य कर्मियों तथा आम लोगों को धन्यवाद दिया तो वहीं समाजसेवियों तथा आम लोगों ने इसकी प्रशंसा की। बता दे कि पूर्व में भी जिला स्तर पर प्रथम स्थान स्वास्थ्य केंद्र को प्राप्त हो चुका है।

## सदर अनुमंडल पदाधिकारी अनिल कुमार ने लिया प्रभार



**गोपालगंज, 22 मई (तरूणमित्र)।** गोपालगंज सदर के नये अनुमंडल पदाधिकारी अनिल कुमार द्वारा योगदान किया गया. सामान्य प्रशासन विभाग बिहार सरकार की 20 मई 2025 की अधिसूचना के अंतर्गत 60-62 वीं बैच के बिहार प्रशासनिक सेवा के अधिकारी अनिल कुमार का स्थानांतरण अनुमंडल पदाधिकारी सदर गोपालगंज के लिए किया गया था. इसके पूर्व वे स्वास्थ्य विभाग पटना विशेष कार्य पदाधिकारी के पद पर कार्यरत थे.उन्होंने बुधवार को पूर्वाहन में जिला पदाधिकारी गोपालगंज प्रशांत कुमार सीएच के समक्ष अपना योगदान दिया।

## उप मुख्यमंत्री ने प्रगति यात्रा के कार्यों को लेकर की समीक्षा

**गोपालगंज, 22 मई (तरूणमित्र)।** बिहार सरकार के उप मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री बिहार नीतीश कुमार द्वारा प्रगति यात्रा के दौरान की गई घोषणाओं की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की गई. समीक्षा के क्रम में जिला पदाधिकारी प्रशांत कुमार सीएच द्वारा सभी संबंधित तकनीकी पदाधिकारियों जिला भू अर्जन पदाधिकारी संजीव कुमार, वरीय उपसमाहर्ता शिवम गुप्ता के साथ समाहरणालय एनआईसी कक्ष में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सम्मिलित थे।




जिला पदाधिकारी द्वारा समीक्षा के क्रम में बताया गया कि गोपालगंज बाईपास पथ निर्माण के लिए एलएओ हो चुका है. उक्त बाईपास के मार्ग रेखन में पड़ने वाले प्लाटों का सत्यापन कार्य किया जा रहा है. मीरगंज बाईपास और कटेया औद्योगिक क्षेत्र के विकास हेतु चिन्हित स्थल को विजयीपुर देवरिया सड़क से जोड़ने हेतु बाईपास सड़क के निर्माण से संबंधित प्रगति में बताया गया कि संबंधित मार्ग का एलएओ हो चुका है। बताया गया कि आरडब्ल्यूडी और डब्लूआरडी से एनओसी प्राप्त की जा चुका है. वन विभाग से एनओसी प्रक्रियाधीन है।

विद्युत पोल और ट्रांसफार्मर आदि से संबंधित स्वीकृति प्राप्त हो चुकी हैं.उपमुख्यमंत्री द्वारा प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए निर्देश दिया गया कि 15 अगस्त से पूर्व प्रत्येक दशा में सभी प्रक्रियाएं पूर्ण करते हुए कार्य प्रारंभ कराया जाना सुनिश्चित करेंगे।

### सीबीआई के हत्थे चढ़े केंद्रीय विद्यालय का प्रिंसिपल, रिश्वत लेते गिरफ्तार

**सासाराम, 22 मई (तरूणमित्र)।** रोहतास जिला मुख्यालय सासाराम स्थित पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में बुधवार की शाम केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो की टीम ने विद्यालय के प्रधानाचार्य को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पटना से आई सीबीआई की एक विशेष टीम ने केंद्रीय विद्यालय के प्रिंसिपल को उनके आवास से रिश्वत की राशि के साथ गिरफ्तार किया है। जहां उन्हें भ्रष्टाचार से जुड़े कई दस्तावेज भी हाथ लगे हैं।प्राप्त जानकारी के अनुसार पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय सासाराम के प्रिंसिपल मयंक कुमार श्रीवास्तव माही इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर प्रिंस कुमार से बिल पास कराने के नाम पर रिश्वत ले रहे थे। उन्होंने सप्लायर प्रिंस कुमार से लगभग एक लाख 92 हजार रुपए का बिल पास करने के लिए 32 हजार रुपए रिश्वत की डिमांड की थी और पहले से जाल बिछाए सीबीआई की टीम ने रिश्वत की रकम लेते हुए उन्हें रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

## सात सूत्री मांग को लेकर आशा कार्यकर्ता बैठी धरना पर

**नौहट्टा, 22 मई (तरूणमित्र)।** रोहतास प्रखंड क्षेत्र के स्थानीय रेफरल अस्पताल के मुख्य गेट पर गुरुवार को भी आशा कार्यकर्ता सात सूत्री मांग को लेकर धारणा पर बैठे रहें। बताया गया की बिहार राज्य आशा कार्यकर्ता संघ के बैनर तले प्रखंड की सभी आशा कार्यकर्ता पांच दिवसीय धारणा प्रदर्शन कर रही है। यह धारणा बीस मई से शुरू हुआ है जो 25 मई तक चलेगा। आशा फैसिलिटर कंचन देवी ने बताया की साफ सूत्री मांग को लेकर पूरे बिहार के आशा कार्यकर्ता हम लोग धरना पर बैठे हैं जिसमें मांग है की 2023 में हुए समझौते के अनुरूप आशा और आशा फैसिलेटर के मासिक मानदेय 1000 से बढ़ाकर ढाई हजार रुपया करने संबंधित आदेश अभिलंब निर्गत किया जाए ।पिछले माह से लंबित मानदेय का भुगतान अभिलंब किया जाए ।पिछला सारा बकाया भुगतान करते हुए पोर्टल व्यवस्था में सुधार किया जाए ।आशा के रिटायरमेंट उम्र सीमा 65 वर्ष किया जाए तथा सेवानिवृत होने पर 10 लाख रुपए का रिटायरमेंट पैकेज एवं मासिक पेंशन की सुविधा उपलब्ध हो।।आशाओं के




विभिन्न तरह के कामों के लिए प्रोत्साहन राशि मिलती है उसका पुनरीक्षण किया जाए। जो कि पिछले 10 वर्षों से नहीं किया गया है ।केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार सम्मिलित विमर्श के आधार पर आशा और आशा फैसलेटर के लिए ?21000 बेसिक न्यूनतम मासिक मानदेय निर्धारित किया जाय।

हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर से जुड़ी आशाओं के देय राशि का भुगतान पोर्टल के माध्यम से किया जाए और इसमें आशा फर्स्ट लेटर को भी जोड़ा जाए। फसीलेटर कंचन कुमारी ने कहा कि अगर यह मांग सरकार नहीं मानती है तो हम लोग बाध्य होकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे।

## कोरोना को लेकर स्वास्थ्य विभाग तैयार, स्वास्थ्य विभाग से गाइडलाइन मिलने के बाद होगा अनुपालन

**सासाराम, 22 मई (तरूणमित्र)।** देश में कोरोना वायरस के लगातार बढ़ रहे मामले को लेकर बिहार में भी कोरोना की चिंता बढ़ गई है। गुजरात के अहमदाबाद में जहां अब तक सात नए पॉजिटिव केस सामने आए हैं, वहीं देश में कोरोना एक्टिव केसों की कुल संख्या 257 पहुंच गई है। केरल, तमिलनाडु, महाराष्ट्र और कर्नाटक में कई मामले मिले हैं। मुंबई में सोमवार को 2 संदिग्ध कोविड पॉजिटिव मरीजों की मौत भी हुई है। हालांकि डॉक्टरों का कहना है कि इनकी मौत कोविड से नहीं बल्कि पुरानी बीमारियों की वजह से हुई है, लेकिन फिर भी स्वास्थ्य विभाग ने सतर्कता बरतनी शुरू कर दी है। इधर बिहार से भी अन्य प्रदेशों से आने वाले लोगों की भीड़ को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग अलर्ट पर है। हालांकि इसको लेकर रोहतास सिविल सर्जन डॉ मणिराज रंजन ने बताया कि अभी तक स्वास्थ्य विभाग की ओर से कोई गाइडलाइन नहीं आया है। अगर राज्य और केंद्र सरकार की ओर से कोई गाइडलाइन मिलता है तो उसका अक्षरशः पालन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि देश के कई राज्यों से कोरोना के कुछ मामले सामने आने की सूचना मिली है लेकिन बिहार में एक भी मामला सामने नहीं आया है।

## पीएम के आगमन से पूर्व सोशल प्लेटफार्म से लेकर धरातल तक पटने लगा होल्डिंग व पोस्टर

**विक्रमगंज, 22 मई (तरूणमित्र)।** आगामी 30 मई को विक्रमगंज में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कार्यक्रम प्रस्तावित है। जिसको लेकर जहां एनडीए के घटक दलों में खासकर भाजपा से जुड़े नेताओं वो कार्यकताओं में सोशल प्लेटफार्म पर एक से बढ़कर एक आकर्षक पोस्टर प्रसारित किया जा रहा है। वही विक्रमगंज शहर में नेताओं के द्वारा सड़क के किनारे वो चौक चौराहों पर बड़े बड़े होल्डिंग लगाने के साथ तोरण द्वार बनाने का कार्य भी तेजी से चल रहा है ।सोशल मीडिया से धरातल तक लगाए गए होल्डिंग पोस्टर के जरिए नेताओं ने आम आवाम से आगामी 30 मई को विक्रमगंज में प्रस्तावित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम में बड़ी संख्या उपस्थित होने का अपील किया गया है ।हालांकि कार्यक्रम में भीड़ जुटाने के लिए एनडीए गठबंधन के नेताओं ने रोहतास जिले के विभिन्न विस क्षेत्रों का सघन दौरा कर आम लोगों से मिलकर कार्यक्रम स्थल पर जुटने का निमंत्रण दे रहे है ।देखना है कि आगामी 30 मई को प्रस्तावित प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में एनडीए जुड़े नेता वो कार्यकर्ता कितना भीड़ जुटाने में सफल हो पाते है ।जबकि आगामी माह में बिहार विधान सभा का चुनाव भी होना है। ऐसे में प्रत्येक विस क्षेत्र से एनडीए गठबंधन के घटक दलों में अलग अलग विस क्षेत्रों से चुनाव लड़ने की ख्याली पुलाव पक्का रहे नेताओं की लंबी कतार भी देखी जा रही है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं समूह सम्पादक कैलाशनाथ के द्वारा अजीमाबाद प्रिन्टर 5-47 प्लाट न0 905 वाचस्पती कॉलनी रोड कुम्हरार गुमटी संदलपुर रोड, पटना से मुद्रित होकर 302, रघुवंशम अपार्टमेन्ट किदवईपुरी, पटना से प्रकाशित। कार्यकारी संपादक-योगेन्द्र विश्वकर्मा। फोन/फैक्स 0612-2522597, 2529927 मो. 8578001500 पोस्ट पंजीयनः CO- 174/2002 आर.एन.आई BIHHIN/2002/9030, इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद पटना न्यायालय के अधीन होंगे। email ID-tarunmitrapatna@gmail.com

## बांग्लादेश टी20 के लिए पाकिस्तान की टीम घोषित; बाबर, रिजवान और अफरीदी बाहर



**लाहौर, एजेंसी।** पाकिस्तान ने बांग्लादेश के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज के लिए 16 खिलाड़ियों की टीम घोषित की है, जिसमें पूर्व कप्तान बाबर आजम, अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान और तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी शामिल नहीं हैं। पीसीबी ने कहा कि टीम का चयन मौजूदा पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) सीजन के दौरान प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। यह पहली बार नहीं है जब बाबर, रिजवान और अफरीदी को टी20 सेटअप से बाहर किया गया है। इससे पहले अप्रैल में, तीनों को न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज से भी बाहर कर दिया गया था, लेकिन वे वनडे मैचों का हिस्सा थे। लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में होने वाली तीन मैचों की सीरीज, कोच के तौर पर माइक हेसन की पहली सीरीज होगी, जिसका शेड्यूल आने वाले दिनों में घोषित किया जाएगा। बल्लेबाज सलमान अली आगा कप्तान बने रहेंगे और ऑलराउंडर शादाब खान उनके डिप्टी होंगे, जबकि अनुभवी सफेद गेंद के खिलाड़ी फखर जमान, हारिस रऊफ और नसीम शाह भी टीम में शामिल हैं। चोट से जूझने के बाद आक्रामक बल्लेबाज सैम अयूब की वापसी से पाकिस्तान को मजबूती मिलेगी। फरवरी में दूसरे टेस्ट में फील्डिंग करते समय टखने में फ्रैक्चर होने के बाद अयूब इस साल की शुरुआत में पाकिस्तान के दक्षिण अफ्रीका दौरे के बीच में ही बाहर हो गए थे। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने मौजूदा पीएसएल सीजन में प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की है।

इस बीच, 29 वर्षीय बल्लेबाज साहिबजादा फरहान को पीएसएल में उनके प्रदर्शन के लिए 2018 के बाद पहली बार टी20 सेटअप में वापसी का इनाम मिला है। उन्होंने पीएसएल में अब तक अपने 10 मैचों में 154.50 की स्ट्राइक रेट से 394 रन बनाए हैं और इवेंट में रन बनाने वाले चार्ट में सबसे आगे हैं।

पाकिस्तान टीम- सलमान अली आगा (कप्तान), शादाब खान (उप-कप्तान), अबरार अहमद, फहीम अशरफ, फखर जमान, हारिस रऊफ, हसन अली, हसन नवाज, हुसैन तलत, खुशदिल शाह, मोहम्मद हारिस, मोहम्मद वसीम जूनियर, मुहम्मद इरफान खान, नसीम शाह, साहिबजादा फरहान, सईम अयूब

### आईपीएल 2025:

# 23 मई को बंगलूरू में होने वाला आईपीएल मैच लखनऊ शिफ्ट

**लखनऊ, एजेंसी।** 23 मई को प्रस्तावित रॉयल चैलेंजर्स और सनराइजर्स हैदराबाद का मुकाबला मौसम खराब होने के कारण लखनऊ में खेला जाएगा। इसके लिए हैदराबाद की टीम रोक ली गई है। बीते दिनों टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहने वाले विराट कोहली आईपीएल में धूम मचा रहे हैं। अब बंगलूरू में 23 मई को प्रस्तावित रॉयल चैलेंजर्स और सनराइजर्स हैदराबाद का मुकाबला मौसम खराब होने के कारण लखनऊ में शिफ्ट किया गया है। इस खबर के साथ शहर में विराट के प्रशंसक खुशी से झूम रहे हैं, क्योंकि अब उन्हें एक नहीं, बल्कि दो बार अपने पसंदीदा खिलाड़ी का जलवा देखने का मौका मिलेगा।

विराट को लेकर शहर में पहले से ही काफी उत्साह था। दरअसल, यहां 27 मई को लखनऊ और बंगलूरू का मैच तय है। विराट को बल्लेबाजी देखने के लिए इस मुकाबले के टिकट काफी पहले ही बिक चुके हैं। अब 23 मई को इकाना स्टेडियम में हैदराबाद और बंगलूरू का मैच विराट प्रशंसकों के लिए बोनस है।



मंगलवार शाम को हैदराबाद की टीम बंगलूरू के लिए उड़ान भरने वाली थी, लेकिन उन्हें लखनऊ में ही रुके रहने के लिए कह दिया गया है। मुकाबले के लिए बंगलूरू टीम बुधवार को लखनऊ आ जाएगी। टीम का बृहस्पतिवार को इकाना स्टेडियम में अभ्यास का शेड्यूल भी है। इस दिन हैदराबाद की टीम भी अभ्यास कर सकती है।

**प्लेऑफ नहीं तो एक अतिरिक्त लीग मैच ही सही**

पिछले तीन साल से आईपीएल के मुकाबलों की मेजबानी करने वाले लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में पहली बार आठ मुकाबले खेले जाएंगे। पहले दो सत्रों में लखनऊ सुपरजायंट्स के घरेलू मैदान में सात-सात लीग चरण के मुकाबले खेले गए थे। हालांकि इस सत्र में आईपीएल के मुकाबलों को लेकर उमड़ी भीड़ को देखकर लगता था कि शायद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) लखनऊ को प्लेऑफ मुकाबले की मेजबानी दे दे, लेकिन ऐसा हो न सका। इसके बाद यहां एक अतिरिक्त मैच आने से स्टेडियम प्रबंधन भी उत्साहित है।

**बड़ी संख्या में दर्शकों के आने की उम्मीद**

हम प्लेऑफ के मुकाबले की मेजबानी का इंतजार कर रहे थे, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। इसमें निराश होने की कोई बात नहीं है, क्योंकि अब प्रशंसक अपने पसंदीदा विराट कोहली को इकाना स्टेडियम एक नहीं, दो बार खेलते दिखेंगे। उम्मीद है कि इन मुकाबलों को देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक अपनी उपस्थित दर्ज कराएंगे।

## धर्मशाला में होंगे अंतर जिला टी-20 क्रिकेट के सेमीफाइनल और फाइनल मैच



**धर्मशाला, एजेंसी।** प्रदेश क्रिकेट संघ की ओर से करवाई जा रही अंतर जिला सीनियर टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले धर्मशाला स्टेडियम में खेले जाएंगे। हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ की ओर से करवाई जा रही अंतर जिला सीनियर टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले धर्मशाला स्टेडियम में खेले जाएंगे। वर्तमान में ऊना के संतोषगढ़ और पेखुबेला क्रिकेट मैदानों में अंतर जिला सीनियर टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के लीग मुकाबले खेले जा रहे हैं। इसमें पूल के मुकाबले भारत-पाक के बीच बढ़े तनाव से पूर्व ही करवा लिए थे। कांगड़ा, मंडी, सोलन, कुल्लू और लाहौल-स्पीति के बीच मैच खेले गए। इस पूल में कुल्लू की टीम अंकतालिका में पहले और कांगड़ा की टीम दूसरे स्थान पर रही। टूर्नामेंट में कांगड़ा और कुल्लू ने सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है। वहीं, पूल बी के मुकाबले टूर्नामेंट की तिथि बदलने के चलते 17 मई से शुरू हुए हैं। पूल-बी में ऊना, हमीरपुर, शिमला, बिलासपुर, किन्नौर और सिरमौर के बीच लीग मुकाबले खेले जा रहे हैं। पूल बी में टॉप टू में रहने वाली टीमें 25 मई को धर्मशाला स्टेडियम में पूल-ए में टॉप पर रहे कांगड़ा और कुल्लू के साथ सेमीफाइनल मुकाबले खेलेंगी। सेमीफाइनल मुकाबलों में विजेता रहने वाले टीमों के बीच 26 मई को फाइनल मुकाबला खेला जाएगा।

## शिखर धवन ने गुरुग्राम में खरीदा लग्जरी फ्लैट, कीमत है करोड़ों में



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर और ओपनर बल्लेबाज शिखर धवन ने गुरुग्राम में 69 करोड़ रुपए में एक लग्जरी फ्लैट खरीदा है। यह फ्लैट गुरुग्राम के गोल्फ कोर्स रोड पर अत्यधिक भव्य परियोजना 'द डहलियास' में है। इस अपार्टमेंट का साइज 6,040 वर्ग फुट है। रियल एस्टेट क्षेत्र में आंकड़ों का विश्लेषण करने वाली फर्म सीआरई मैट्रिक्स के मुताबिक पंजीकृत समझौता चार फरवरी, 2025 को हुआ था। धवन ने गुइस संपत्ति का मूल्य 65.61 करोड़ रुपए है। स्टाम्प शुल्क 3.28 करोड़ रुपये है, जिससे कुल कीमत लगभग 69 करोड़ रुपए हो जाती है। पिछले साल अगस्त में हरियाणा के गुरुग्राम में शुरू हुए 'द डहलियास' परियोजना में 420 अपार्टमेंट और पेंटहाउस हैं। सीआरई मैट्रिक्स के माध्यम से प्राप्त दस्तावेजों के अनुसार यहां प्रति स्क्वायर फीट अपार्टमेंट की कीमत 1,14,068 रुपए है। भारतीय क्रिकेट में 'गब्बर' नाम से के मशहूर शिखर धवन ने अगस्त 2024 में क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की थी। बाएं हाथ के बल्लेबाज ने 2010 में विशाखापत्तनम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय मैच के साथ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था और भारत के लिए उनका अंतिम मैच भी 2022 में बांग्लादेश के खिलाफ 50 ओवर का खेल था। अपने करियर के दौरान, धवन ने भारत के लिए 34 टेस्ट, 167 एकदिवसीय और 68 टी20 मैच खेले।

### CSK की 10वीं हार के बाद फ्लेमिंग ने कहा...

# शायद यह उचित है कि हम सबसे नीचे हैं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** यह लगभग तय है कि चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) आईपीएल 2025 में आखिरी स्थान पर समाप्त होगी, क्योंकि राजस्थान रॉयल्स से छह विकेट से हारने के साथ उनका पतन जारी रहा। मंगलवार को बड़ी संख्या में भीड़ - जिसमें बच्चे, वयस्क और वरिष्ठ नागरिक शामिल थे - ने कोटला में कड़ी गर्मी और कामकाजी सप्ताह के दिन का सामना किया और पीली जर्सी पहनकर और हर छोटे अवसर पर सीटी बजाकर एमएस धोनी एंड कंपनी के लिए जोरदार समर्थन दिखाया।

लेकिन सीएसके के उलझे हुए दृष्टिकोण - जैसे कि रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा को डेवाल्ड ब्रेविस और शिवम दुबे से आगे बढ़ाना - और गेंदबाजी में कोई भी पैनापन नहीं होना, ने उन्हें फिर से निराश किया।

मंगलवार के मुकाबले से पहले, मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने कहा था कि सीजन को अच्छी तरह से खत्म करने का अवसर उनके लिए वास्तव में महत्वपूर्ण है। लेकिन आरआर से हार, जो इस सीजन की उनकी दसवीं हार थी, ने सीएसके को टी20 तालिका में काफी पीछे रहने की याद दिला दी। इसलिए, फ्लेमिंग को यह कहते हुए सुनना आश्चर्यजनक नहीं था कि सीएसके का अंक तालिका में सबसे नीचे रहना 'संभवतः उचित' है। हमें यहां नीचे रहना बिल्कुल पसंद नहीं है, लेकिन यह कोई प्रेरणा नहीं है। हम बस एक अच्छा प्रदर्शन चाहते थे। हम कुछ



प्रदर्शनों को एक साथ जोड़ने की कोशिश कर रहे थे। हमारा लक्ष्य दो अच्छे प्रदर्शन करना था। अब बस एक अच्छा प्रदर्शन खत्म करना होगा। फ्लेमिंग ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, शायद यह उचित है कि हम सबसे नीचे हैं। हमने उस तरह का क्रिकेट खेला है, इसलिए आप इससे दूर नहीं रह सकते। लेकिन हम जो करना चाहते हैं, वह यह है कि मैदान पर बेहतर प्रदर्शन करें, जो टीम की क्षमता को दर्शाता है।

हालांकि सीएसके द्वारा 78 रन पर अपनी आधी टीम गंवाने के बाद 187/8 का स्कोर बनाना सराहनीय था, लेकिन यह स्कोर हमेशा ही आरआर की प्रेरित टीम को चुनौती देने के लिए अपर्याप्त था, जिसने अपने युवाओं के दम पर जीत हासिल की। कुछ खिलाड़ियों ने चेन्नई में भी ट्रेनिंग की थी। बस इसमें थोड़ी यात्रा शामिल थी। बाकी सब अच्छी बात है, लेकिन मुझे लगता है कि यह तालिका में हमारी स्थिति के हिसाब से अधिक है, अगर आप शीर्ष चार या पांच के आसपास हैं, तो वापस आकर प्रेरित होना और खेल में उतरना बहुत आसान है। फ्लेमिंग ने कहा, हम मैदान पर अच्छा प्रदर्शन करने की कोशिश कर रहे हैं। इन दो मैचों के लिए हमारी प्रेरणा बहुत अधिक रही है। ट्रेनिंग अच्छी रही है। तीव्रता ठीक थी। हम फिर से बीच में प्रदर्शन करने में कमी कर रहे हैं।

तमाम उथल-पुथल के बीच, सीएसके इस बात से खुश होगी कि आयुष म्हात्रे और डेवाल्ड ब्रेविस ने मंगलवार को किस तरह से प्रदर्शन किया, जिन्होंने क्रमशः 43 और 42 रन बनाते हुए कुछ बेहतरीन शॉट दिखाए। हालांकि सीएसके ने पावर-प्ले में 68 रन बनाए, एक ऐसा चरण जो उनके पतन का आधार रहा है, के बाद उन्होंने म्हात्रे सहित तीन विकेट खो दिए, और इससे 200 तक पहुंचने की उनकी इच्छा को चोट पहुंची।

## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम अर्जेंटीना में चार देशों के टूर्नामेंट के लिए रवाना



**बेंगलुरु, एजेंसी।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम बुधवार तड़के बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से अर्जेंटीना के रोसारियो शहर के लिए रवाना हुई। वहां वे चार देशों के एक दोस्ताना हॉकी टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी।

यह टूर्नामेंट टीम की दिसंबर में होने वाले एफआईएच जूनियर महिला हॉकी वर्ल्ड कप की तैयारी का हिस्सा है। इसमें भारत के अलावा अर्जेंटीना, उरुग्वे और चिली की टीमें भाग लेंगी। सभी टीमें एक-दूसरे के साथ मुकाबला करेंगी और अच्छा प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगी। यह टूर्नामेंट 25 मई से 2 जून (भारतीय समयानुसार) तक चलेगा। इस दौरान भारतीय टीम इन तीनों देशों के खिलाफ दो-दो मैच खेलेगी। इसका उद्देश्य टीम की तैयारी को परखना, सही टीम संयोजन बनाना और रणनीतियां सुधारना है। इस टीम के कोच तुषार खांडेकर हैं। गोलकीपर निधि टीम की कप्तान होंगी और फॉरवर्ड खिलाड़ी हीना बानो उप-कप्तान होंगी। भारत का पहला मुकाबला 25 मई को चिली से, दूसरा 26 मई को उरुग्वे से और तीसरा 28 मई को मेजबान अर्जेंटीना से होगा।

टीम के रवाना होने से पहले कप्तान निधि ने कहा, भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम अर्जेंटीना में होने वाले आगामी चार देशों के टूर्नामेंट को लेकर उत्साहित है। हम प्रशिक्षण में कड़ी मेहनत कर रहे हैं और हमें उम्मीद है कि हमारे प्रयास मैचों में दिखेंगे। मजबूत विरोधियों के खिलाफ खेलने से हमें बेहतर प्रदर्शन करने में मदद मिलेगी। हमें अपनी क्षमताओं पर पूरा भरोसा है और हम आगामी खेलों का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

कोच तुषार खांडेकर ने कहा, हम इस दौरे से अपने सबसे अच्छे खिलाड़ियों को पहचानने की कोशिश कर रहे हैं, क्योंकि जूनियर वर्ल्ड कप अब सिर्फ छह महीने दूर है। यह टूर्नामेंट खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय अनुभव देगा और आगे चलकर उन्हें सीनियर टीम में शामिल होने में मदद करेगा।

## मलेशिया मास्टर्स: एचएस प्रणय और करुणाकरन की शानदार जीत, दूसरे दौर में पहुंचे; सिंधू पहले ही दौर में बाहर

**कुआलालंपुर, एजेंसी।** प्रणय ने पहले जापान के पांचवीं वरीयता प्राप्त केंटा निशिमोतो को एक घंटे 22 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में 19-21, 21-17, 21-16 से हराकर दूसरे दौर में जगह बनाई। इसके बाद करुणाकरन ने तीसरी वरीयता प्राप्त चीनी ताइपे के चोउ टिएन चेन को महज 39 मिनट में 21-13, 21-14 से हराया। एचएस प्रणय और सतीश करुणाकरन ने पुरुष एकल मुकाबलों में उलटफेर करते हुए जीत हासिल की और मलेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बना ली। हालांकि, दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु को बुधवार को महिला एकल मुकाबले के पहले ही दौर में हार का सामना करना पड़ा और वह टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। पुरुष एकल में भारतीयों का जलवा



प्रणय ने पहले जापान के पांचवीं वरीयता प्राप्त केंटा निशिमोतो को एक घंटे 22 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में 19-21, 21-17, 21-16 से हराकर दूसरे दौर में जगह बनाई। इसके बाद करुणाकरन ने तीसरी वरीयता प्राप्त चीनी ताइपे के चोउ टिएन चेन को महज 39 मिनट में 21-13, 21-14 से हराया। भारत के एक अन्य पुरुष खिलाड़ी आयुष शेट्टी भी अगले दौर में पहुंचने में सफल रहे। आयुष ने कनाडा के ब्रायन यांग को 20-22, 21-10, 21-8 से मात दी।

**सिंधु की खराब फॉर्म जारी**

पुरुष एकल वर्ग में जहां भारत के लिए अच्छा दिन रहा, वहीं, महिलाओं के वर्ग में सिंधु की खराब फॉर्म यहां भी बरकरार रही और वह इस सुपर 500 टूर्नामेंट का शुरुआती दौर ही पार नहीं कर सकीं।

सिंधु को वियतनाम की नगुयेन थियू लिंथ के खिलाफ 11-21, 21-14, 15-21 से हार मिली।

## चुराह की चंपा ठाकुर कबड्डी वर्ल्ड कप शिविर के लिए चुनीं

**चंबा, एजेंसी।** चंबा जिले के उपमंडल चुराह की ग्राम पंचायत बघेईगढ़ की रहने वाली चंपा ठाकुर का चयन आगामी कबड्डी विश्व कप के राष्ट्रीय शिविर के लिए हुआ है। हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले के उपमंडल चुराह की ग्राम पंचायत बघेईगढ़ की रहने वाली चंपा ठाकुर का चयन आगामी कबड्डी विश्व कप के राष्ट्रीय शिविर के लिए हुआ है। प्रशिक्षण शिविर सोनीपत में चल रहा है। यह 30 मई तक चलेगा। शिविर में देशभर से करीब 35 कबड्डी खिलाड़ी भाग ले रही हैं। प्रशिक्षण के आधार पर ही विश्व कप की टीम घोषित की जाएगी। चंपा के पिता रमेश ठाकुर पेशे से पहलवान हैं, बेटा कुश्ती में अपना भविष्य संवार रहा है। इसके अलावा बेटी चंपा ठाकुर भी कबड्डी में जिले का नाम देशभर में रोशन कर रही हैं।



### राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाजी कोच राठौड़ ने कहा-

# अगला साल निश्चित रूप से हमारा होगा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 के लीग मैचों के समाप्त होने में अभी एक सप्ताह बाकी है, लेकिन राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के 14 लीग मैचों का कोटा पूरा होकर उनके आईपीएल 2025 का सफर समाप्त हो चुका है। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के बाद प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होने वाली दूसरी टीम बनने वाली आरआर अभी भी सीएसके से ठीक ऊपर और अंक तालिका में अंतिम से दूसरे स्थान पर है, जबकि पिछले साल आरआर ने प्ले ऑफ तक का सफर पूरा किया था। टीम के इस प्रदर्शन के बारे में बात करते हुए टीम के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने कहा, इस सीजन कई मैच ऐसे रहे, जहां हमने जीतते-जीतते कई करीबी मुकाबले गंवाए। हमने तीनों विभागों, खासकर फील्डिंग में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। इसके अलावा हमने पांच बल्लेबाज रिटेन किए थे तो हमें बल्लेबाजों से बहुत उम्मीदें थीं, लेकिन कई मौके ऐसे आए, जहां हमने अच्छी शुरुआत नहीं की। वहीं गेंदबाजी में भी हमने अधिकतर बार 10 से 15 रन अधिक दिए, जो बाद में हार का अंतर साबित हुए। कई मौकों पर हम मैच को अपने पक्ष में समाप्त कर सकते थे, लेकिन हम दुर्भाग्यशाली रहे कि हम ऐसा नहीं कर पाए। यह निराशाजनक है और इससे तकलीफ होती है, लेकिन यह आपको अगले सीजन के लिए उम्मीद भी देती है। मुझे लगता है कि हम इससे बुरा और नहीं कर सकते और अगले सीजन हम निश्चित रूप से वापसी करेंगे। ये सभी लड़के एक साल और अंतर्राष्ट्रीय या घरेलू क्रिकेट खेलकर और भी बेहतर होंगे, खासकर हमारी बल्लेबाजी इकाई और भी मजबूत होगी। गौरतलब है कि आरआर ने इस साल चार ऐसे करीबी मुकाबले गंवाए, जिसमें जीत-हार का अंतर 11 रन से भी कम था, वहीं दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के खिलाफ मुकाबले भी सुपर ओवर में जाने के बाद उन्हें हार का सामना करना पड़ा। अगर इन मुकाबलों में से आधे के परिणाम भी आरआर के पक्ष में जाते तो वे प्ले ऑफ की दौड़ में बने रहते। हालांकि राठौड़ ने कहा कि उन्हें इस सीजन से कई सकारात्मक चीजें मिलीं, जो कि अगले सीजन को बेहतर बनाने के काम आएंगी। वैभव सूर्यवंशी के लिए पूछे जाने पर राठौड़ ने कहा, सूर्यवंशी के साथ अच्छी बात यह है कि उनके पास निरंतरता है और वह लगभग हर मैच में अच्छा कर रहे हैं। उन्होंने पंजाब किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में भी अच्छी पारी खेली थी और बार-बार ऐसा करना दिखाता है कि वह अलग और अनूठे हैं। उनके बल्ले का डाउनस्विंग उन्हें एक विशेष खिलाड़ी बनाता है।

राठौड़ ने कहा, हमने टुकड़ों में अच्छी गेंदबाजी की, जैसे आज सीएसके के खिलाफ मैच में आकाश मधवाल ने अच्छा स्पैल डाला। उनको ऐसे गेंदबाजी करते देखना निश्चित रूप से सुखद था। इसके अलावा जोफ्रा आर्चर ने पूरे टूर्नामेंट के दौरान अच्छी गेंदबाजी की। आज, वनिंदु हसरंगा ने भी वापसी करते हुए अच्छी गेंदबाजी की। हम दुर्भाग्यशाली रहें कि सैंडी (संदीप शर्मा) बीच टूर्नामेंट में चोटिल हो गए, लेकिन वह ऐसे गेंदबाज हैं, जिस पर हम निर्भर रह सकते हैं। तो गेंदबाजी में ये सभी सकारात्मक चीजें हैं। उन्होंने कहा, वहीं बल्लेबाजी में तो बहुतों ने उम्मीद जगाई है। हमारी बल्लेबाजी जिस तरह की है, मुझे लगता है कि यह हमारे लिए जितना बेकार सीजन हो सकता था, हो चुका है। यहां से चीजें बेहतर ही होंगी। चाहे वैभव (सूर्यवंशी) हों या ध्रुव जुरेल, सब यहां से बेहतर ही होंगे। वहीं रियान पराग एक विशेष खिलाड़ी हैं। संजू (सैमसन) दुर्भाग्यपूर्ण ढंग से इस सीजन अधिकतर समय चोटिल रहे, हम उम्मीद करते हैं कि वह अगले सीजन पूरी तरह फिट होकर हमारे लिए पूरा सीजन खेलेंगे। वह न सिर्फ एक अच्छे बल्लेबाज, बल्कि बेहतरीन कप्तान और नेतृत्वकर्ता हैं। वहीं (शिमरॉन) हेटमायर के लिए यह निराशाजनक सीजन रहा, लेकिन जिस तरह के वह खिलाड़ी हैं, वह भी निश्चित रूप से कोशिश करेंगे कि आगे ऐसा ना हो।